RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -16 ◆ अंक: 115   डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, मंगलवार 27 फरवरी 2024

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश भर के 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास एवं 1500 रोड ओवर ब्रिज अंडर ...

पेज -4 पर



पंकज उधास का निधन कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति- वित्त मंत्री ओपी

पेज -8 पर

# पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ के 21 और मध्यप्रदेश के 33 स्टेशन के रेनोवेशन का किया शिलान्यास

*नई दिल्ली/रायपुर ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत भारत स्टेशन के तहत 41,000 करोड़ रुपये से अधिक की लगभग 2,000 रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर पीएम ने कुछ परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित भी किया।*

वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 'प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत 553 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्थित इन स्टेशनों का 19,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकास किया जाएगा। पीएम मोदी ने अमृत भारत स्टेशन के तहत बिलासपुर जोन के 27 स्टेशनों और 83 नए ब्रिज के लिए करीब 2700 करोड़ के रेल प्रोजेक्ट का






वर्चुअल लोकार्पण और शिलान्यास किया। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जोन के जिन रेलवे स्टेशनों की सूरत बदलेगी उनमें कोरबा, रायगढ़, राजनांदगांव, सरोना, भाटापारा, डोंगरगढ़, भिलाईनगर, हथबंध, बिल्हा, बैकुंठपुर रोड, अम्बिकापुर, उसलापुर, पेंड्रारोड, जांजगीर, नैला, चांपा, दल्लीराजहरा, भानुप्रतापपुर, निपनिया, मंदिर हसौद, बाराद्वार और भिलाई स्टेशन शामिल हैं। अमृत भारत स्टेशन के तहत छत्तीसगढ़ के 21 और मध्य प्रदेश के 33 रेलवे स्टेशन को शामिल किया है।

## ईस्ट कोस्ट रेलवे और SECR में होंगे काम

प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हावड़ा-मुंबई लाइन में SECR जोन के रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव, तिल्दा-नेवला, अकलतरा, भिलाई पावर हाउस, वडसा, चांदाफोर्ट और गोंदिया स्टेशनों में प्रस्तावित विकास कार्यों को किया जाना है। छत्तीसगढ़ के ईस्ट कोस्ट रेलवे सेक्शन के अंतर्गत आने वाले महासमुंद रेलवे स्टेशन का भी रेनोवेशन किया जाएगा। पीएम मोदी ने दुर्ग जिले के दुर्ग रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म नंबर 1 पर अंडरब्रिज पुनर्निर्माण, उरला और बघेरा के अंडरब्रिज, भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पुनर्निर्माण की वर्चुअली आधारशिला रखी।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने अमर शहीद श्री चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री चंद्रशेखर आजाद की 27 फरवरी को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि अमर शहीद आजाद जी के मन में मातृभूमि की आजादी के लिए अद्भुत जुनून था। उन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी लेकिन ब्रिटिश सरकार के सामने कभी घुटने नहीं टेके। उनके बलिदान ने हजारों युवाओं के भीतर क्रांति की मशाल जला दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आजाद जी की देश भक्ति और साहस आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है।

### रायपुर में मैनेजर की नौकरी करने वाले शख्स ने की खुदकुशी

**रायपुर।** पीपुल्स NGO (रायपुर) के स्टेट प्रोग्राम मैनेजर ने भोपाल में दूसरी पत्नी से झगड़े के बाद सुसाइड कर लिया। उन्होंने शनिवार देर रात 1 बजे खुद को फ्लैट में बंद कर आग लगा ली थी। इसका खुलासा दूसरी पत्नी से पूछताछ के बाद हुआ। दोनों ने 14 फरवरी को लव मैरिज की थी। पुलिस के मुताबिक, एस प्रदीप नायर की पहली पत्नी डेढ़ साल पहले तक साथ रही थीं।

# भारतमाला परियोजना के तहत रायपुर से धनबाद तक बन रही सड़क

## *लिखित शिकायत करने पर भी नहीं हो रही सुनवाई*


जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

रायपुर से धनबाद तक भारतमाला परियोजना के तहत बन रही सड़क निर्माण के लिए धरमजयगढ़ ब्लॉक में बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई की जा रही है। सड़क का 41 किमी हिस्सा ब्लॉक से होकर गुजरेगा। सड़क के लिए भूमि अधिग्रहण हो चुका है, लेकिन प्रभावित किसानों में कुछ लोगों का आरोप है कि उन्हें मुआवजा दिए बिना ही सड़क निर्माण शुरू कर दिया गया है। इसे लेकर पिछले कुछ दिनों से ग्रामीण विरोध भी कर रहे हैं। धरमजयगढ़ एसडीएम डिगेश पटेल को लिखित व मौखिक शिकायत देने के बावजूद किसानों ठेकेदार पर कार्रवाई नहीं हो रही है। किसानों का कहना है कि जमीन पर लगे पेड़ के बदले मुआवजा नहीं दिया गया।

### क्या कहते हैं अधिकारी

धरमजयगढ़ डीएफ ओ ने बताया कि निजी भूमि पर लगे पेड़ की कटाई के लिए राजस्व विभाग से एसडीएम अधिकृत अधिकारी होता है। उनकी अनुमति से पेड़ काट सकते हैं, जबकि एसडीएम कहते हैं कि राजस्व विभाग में पेड़ कटाई की सिर्फ सूचना देने का प्रावधान है। वहीं एसडीएम डिगेश पटेल ने कहा, निजी भूमि का अगर अधिग्रहण होता है, ऐसे स्थिति में उस जमीन पर लगे पेड़ की कटाई अर्जन करने वाली कम्पनी द्वारा या तो फारेस्ट विभाग से कराते हैं या फि र एसडीएम ऑफि स में सूचना देकर एजेंसी कटाई की व्यवस्था कर सकती है। उन्होंने कहा, मैं हस्तक्षेप नहीं कर सकता और पेड़ संबंधित कंपनी किसी को भी दे सकती है। भारतमाला परियोजना के इंचार्ज प्रदीप सिंह ने बताया उरगा से पत्थलगांव तक 87 किमी का काम चल रहा है। इसमें पेड़ कटाई के लिए भारतीय राज्य मार्ग प्राधिकरण अनुमति लेता है, हम लोग निर्माण एजेंसी हैं।



**किसानों ने कहा- मुआवजा दिए बिना ही काट रहे पेड़, अधिकारी बोले-अनुमति की कोई जरूरत नहीं**




### किसानों का आरोप-बिना मुआवजे के सड़क निर्माण शुरू

*बाकारुमा के किसान बलराम राठिया, दुर्गेश्वर नाथ राठिया, मनीष कुमार व विनोद राठिया ने आरोप लगाया है कि बिना मुआवजा के सड़क निर्माण शुरू कर दिया गया है। ग्रामीणों ने पटवारी से मुलाकात की लेकिन वे भी स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहे हैं। किसानों का यह भी आरोप है कि उनकी अधिग्रहण के बाद उनकी जमीन पर लगे पेड़ों को जेसीबी से जड़ समेत उखाड़कर फेंक दिया गया। अब मुआवजे की बात पर निर्माण एजेंसी और राजस्व कर्मचारी कहते हैं कि जमीन पर पेड़ नहीं है तो मुआवजा कैसे मिलेगा।*

# रायपुर एसपी ने आठ घंटे तक थाना प्रभारियों की ली क्लास, बोले- पेंडिंग मामलों को जल्द निपटाएं



**रायपुर।** रायपुर पुलिस अधीक्षक ने कंट्रोल रूम में मासिक क्राइम बैठक ली। एसपी संतोष सिंह की जिला में नियुक्ति के बाद यह क्राइम की पहली बैठक थी। लगभग आठ घंटे तक चली।

इस बैठक में एसपी संतोष सिंह ने जिले के सभी थाना प्रभारियों से वन-टू-वन चर्चा करते हुए थाना क्षेत्र के पेंडिंग अपराधों को लेकर समीक्षा की।

इस दौरान एसपी ने कई थानों में पांच से सात माह बाद भी घटनाओं में शामिल बदमाशों की गिरफ्तारी नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की। और जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। वहीं पेंडिंग मामलों को जल्द से जल्द निकासी करने के निर्देश दिए।

वहीं विशेष तौर पर कांबिंग गश्त व रोड गश्त पर फोकस करने के निर्देश बैठक में दिए गए। साथ ही महिला संबंधी अपराधों पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में बाउंड ओवर की कार्रवाई करने के लिए कहा और ऐसे लोगों को चिन्हित कर उन पर विभाग नजर रखने के लिए कहा गया है।

एसपी ने कहा कि थाने-चौकी पर नियुक्त प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी पीड़ित की बातों-समस्याओं को संयमित होकर ठीक ढंग से सुनें। पीड़ित को इसका अहसान होना चाहिए। नशा तस्करी रोकने पर भी फोकस किया। नशा तस्करों के प्रति सख्त कार्रवाई करने जन सहभागिता से अभियान चलाने का निर्देश दिया।

वहीं चेन, पर्स, मोबाइल छीनने, बाइक चोरी जैसी घटनाएं रोकने ऐसे मामलों में तेजी से कार्रवाई के निर्देश दिए। गैंग बनाकर जमीन धोखाधड़ी करने वालों पर कार्रवाई करने कहा गया। ट्रैफिक में जमा पर नियंत्रण के सतर्कता बढ़ाने लिए कहा। गंभीर अपराधों का तेजी निस्तारण और जांच कर चार्जशीट फाइल करने के निर्देश दिए।

# रायपुर के कारोबारी ने भाई को मारी गोली

## मर्डर के बाद मां को वीडियो कॉल कर कहा- उसको मार दिया, फिर शहर में घूमता रहा

**रायपुर।** रायपुर के सफायर ग्रीन फेज-2 कॉलोनी में रविवार देर रात एक भाई ने अपने छोटे भाई का मर्डर कर दिया। सिर पर गोली मारकर उसकी जान ले ली। आरोपी करोड़पति बिजनेसमैन है। मर्डर के बाद आरोपी ने मां को वीडियो कॉल कर कहा कि उसे मार दिया। फिर वो कार में वो पिस्टल लिए घूमता रहा। हत्यारे को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है।



पीयूष झा अपने छोटे भाई पराग के साथ ही रहता था। दोनों ड्रोन बनाने की कंपनी चलाते थे। बीती रात दोनों भाइयों में झगड़ा हुआ। खबर है कि पराग ने बड़े भाई पर हाथ उठा दिया। इससे तैश में आकर पीयूष ने कबर्ड से पिस्टल निकाली और तीन गोलियां अपने ही छोटे भाई पर चला दी। पराग जमीन पर गिर पड़ा और पूरे फर्श पर खून बिखर गया। इसके बाद पीयूष ने मां को वीडियो कॉल कर लाश दिखाई और कॉल डिस्कनेक्ट कर भाग गया।

# दिल्ली के सर्वे में पास होने वालों को मिलेगा बीजेपी का टिकट

**रायपुर ।** देश में आम चुनावों की चर्चा तेज हो गई है और इसके साथ ही उन चेहरों पर भी बात होने लगी है जो टिकट पर टकटकी लगाए बैठे हैं। लेकिन यहां टिकट की उम्मीद से नेताओं को झटका लग सकता है। वजह कोई और नहीं बल्कि केंद्रीय संगठन है जो टिकट पर अंतिम मुहर लगाएगा। बीजेपी ने इस बार 400 पार का नारा दिया है ऐसे में छत्तीसगढ़ की 11 सीटों को लेकर पुरी सतर्कता बरती जा रही है। सूत्रों के अनुसार लोकल बॉडी से




ज्यादा दिल्ली की सर्वे रिपोर्ट मायने रखेगी। जिसके बाद लोकसभा का टिकट तय होगा। केंद्रीय स्तर पर कई सर्वे लोकसभा टिकट को लेकर पिछले कई महीनों से अलग अलग स्तर पर केंद्र के माध्यम से सर्वे कर 11 सीटों के लिए जितने वाले नाम निकालने का काम किया गया है।


# कोर्ट में पेशी:बंदियों को वीआईपी सुविधा देने वाले दो सिपाही निलंबित

**रायपुर।** राजधानी में कोर्ट में पेशी और इलाज के लिए अस्पताल जाने वाले बंदियों को वीआईपी सुविधा दी जा रही है। उन्हें बाहर का भोजन और शराब तक उपलब्ध कराई जा रही है। परिजनों के पास बैठाया और रिश्तेदारों से बातचीत के लिए मोबाइल दिया जा रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी संतोष सिंह ने दो सिपाही शंकर दयाल त्रिपाठी और राकेश साहू को निलंबित कर दिया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। इसी तरह अस्पताल में बंदी को सुविधा देने वाले जेल प्रहरी के खिलाफ भी जांच चल रही है। चर्चा है कि कोर्ट में पेशी के लिए सिपाही एप्रोच लगाते हैं। हर कोई मुल्जिम पेशी में आना



चाहता है। क्योंकि बंदियों को सुविधा देने के बदले में सिपाही उनसे पैसा लेते हैं। इसमें पुलिस के निचले कर्मचारियों का रैकेट चल रहा है। आसपास में तय करते हैं कि कब, कौन पेशी में जाएगा। एसएसपी सिंह ने चेतावनी दी है कि दोबारा किसी की इस तरह की शिकायतें आईं तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस लाइन प्रभारी को भी जिम्मेदारी तय करने को कहा है।

### माना एयरपोर्ट पर सोने के पेस्ट के साथ तस्कर गिरफ्तार




**रायपुर।** विवेकानंद एयरपोर्ट पर सोने के पेस्ट के साथ एक यात्री गिरफ्तार किया गया है। शारजाह से लखनऊ सोने का पेस्ट तस्करी करते हुए रायपुर एयरपोर्ट पर डीआरआई की टीम ने गिरफ्तार किया।इंडिगो की शारजाह से वाया लखनऊ जाने वाली फ्लाइट से सफर कर रहा था। यात्री के कब्जे से 1 किलो 160 ग्राम सोने का पेस्ट जब्त किया गया ।जब्त सोने की कीमत करीब 67 लाख से अधिक आंकी गई है। डीआरआई रायपुर अबतक 7 सोने के तस्करों को गिरफ्तार कर करीब 11 किलो सोना जब्त कर चुकी है ।गिरफ्तार आरोपी यात्री से पूछताछ जारी है ।

# आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त के सरकारी बंगले पर एसीबी की दबिश

## खंगाले जा रहे दस्तावेज

**कोरबा.** आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त सौरभ बक्शी के घर पर एंटी करप्शन ब्यूरो ने दबिश दी है. दो वाहन में 9 सदस्य तड़के सुबह सहायक आयुक्त के सरकारी घर पर पहुंचे. टीम घर के अंदर तमाम दस्तावेज खंगाल रही है. घर के बाहर पुलिस के जवान को तैनात किया गया है.

सिविल लाइन थाना और कोतवाली थाना पुलिस को भी मौके पर तैनात किया गया है. बताया जा रहा है कि एंटी करप्शन की टीम रविवार शाम 7 बजे पहुंची. जहां आबकारी सहायक आयुक्त के घर पर ताला लगा हुआ था. जिसके बाद टीम ने घर पर सील बंद की कार्रवाई करने के बाद इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी. तड़के सुबह टीम फिर से मौके पर पहुंची. जहां सहायक आयुक्त सौरभ बख्शी को तलब किया गया. इसके बाद सील बंद कमरे को खोलकर आगे की कार्रवाई शुरू की गई. इस कार्रवाई के बाद हड़कंप मच गया. आबकारी सहायक आयुक्त चर्चित अधिकारी हैं. एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम सहायक आयुक्त के बारे में और भी जानकारी एकत्र कर रही है. इसके अलावा उनके और स्टाफ हैं जिनसे भी संपर्क करने की बात कही जा रही है. बताया जा रहा है कि डीएसपी प्रमोद खेस के नेतृत्व में नव सदस्य टीम पहुंची हुई है. जहां दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं.



पैरा परिवहन में अनियमितता

# अजय चंद्राकर बोले, 53 करोड़ कागजों पर खर्च, मंत्री की घोषणा 'सदन की समिति करेगी जांच'

**रायपुर.** भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने पैरादन और पैरा के परिवहन का मामला सदन में प्रश्नकाल के दौरान उठाया. उन्होंने पूछा कि गोधन न्याय योजना के तहत पैरा परिवहन किया जा सकता है क्या? जिस पर मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि गोधन न्याय योजना से अनुदान दिया जाता है. इसके लिए 14वें-15वें वित्त से भी पैरा परिवहन के लिए राशि दी जाती है. अजय चंद्राकर ने आगे प्रश्न किया कि पैरा ढुलाई के लिए सेस से भी राशि दी गई है. इसकी जांच करवाएंगे क्या? जिस पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि पूर्व मंत्री इसमें भ्रष्टाचार की बात कह रहे हैं. इसलिए इस मामले की वरिष्ठ अधिकारियों से जांच कराएंगे. अजय चंद्राकर ने आगे कहा कि 53 करोड़ रुपये कागज में खर्च हुए हैं. जबकि पैरादान हुआ ही नहीं है. विधानसभा की समिति से इस मामले की जांच होनी चाहिए. जिस पर मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने विधानसभा की प्रश्न संदर्भ समिति से जांच कराने की घोषणा की.



# अबू धाबी में हिंदू मंदिर के मायने... यानी वक्त के साथ उदार हो रहे हैं अरब देश

*अरब देशों ने समयानुरूप वैश्विक स्तर पर स्वयं को उदार, सहिष्णु और आधुनिक बनाने हेतु कदम उठाए हैं। मौजूदा तकनीकी युग में दुनिया छोटी हो रही है और अब कोई भी समाज पुरानी मान्यताओं की जकड़ में रहकर प्रगतिशील सह-अस्तित्व को संभव नहीं बना सकता। गत 14 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में स्वामीनारायण मंदिर का भव्य उद्घाटन किया। इसके बाद बहरीन ने भी स्वामीनारायण समाज को हिंदू मंदिर हेतु जमीन आवंटित कर दी।*

अबू धाबी में नवनिर्मित मंदिर, अरब प्रायद्वीप का कोई पहला मंदिर नहीं है। दुबई में 1958 से हिंदू मंदिर स्थापित है। बहरीन में भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित 200 वर्ष पुराना श्रीनाथ मंदिर, तो ओमान में सवा सौ साल पुराना मोतिश्वर मंदिर है। परंतु यूएई के मंदिर पर भारत का एक समूह, जिसमें वाम-उदारवादी भी शामिल है-अयोध्या में पुनर्निर्मित श्रीरामजन्मभूमि मंदिर का संदर्भ देकर भारत को यूएई सहित अन्य अरब देशों से बहुलतावाद-पंथनिरपेक्षता सीखने का सुझाव दे रहा है। यह अपने आप में ही विरोधाभास है कि भारत की तुलना इस्लामी देशों से की जाए।

### असंख्य निशान अब भी प्रत्यक्ष

सबसे बड़ी बात है कि यूएई सहित किसी भी अरब देश का ऐसा कोई इतिहास नहीं है, जहां भारत के किसी हिंदू-बौद्ध शासक ने जाकर उन पर हमला किया हो या उनके धर्मस्थलों को ध्वस्त किया हो या फिर जबरन उनके किसी भूखंड पर कब्जा करके अपने धर्मस्थल का निर्माण किया हो। इस पृष्ठभूमि में मध्यकालीन भारत में अरब आक्रांताओं सहित अन्य विदेशी आक्रमणकारियों का क्रूर वृत्तांत, रक्त और सांस्कृतिक संहार से भरा है। इसके असंख्य निशान अब भी प्रत्यक्ष हैं। इसी में से एक राजधानी दिल्ली स्थित कुतुब मीनार परिसर में निर्मित कुव्वत उल इस्लाम मस्जिद है, जहां भारतीय पुरातत्व विभाग द्वारा स्थापित तख्ती में स्पष्ट लिखा है कि यह मस्जिद 27 हिंदू-जैन मंदिरों को तोड़कर बनाई गई है। ऐसे सैकड़ों ऐतिहासिक उदाहरण हैं।

### भारत पंथनिरपेक्ष, वैदिक परंपराओं के कारण भी



भारत में पैगंबर मुहम्मद साहब के जीवनकाल में अरब के बाहर विश्व की पहली मस्जिद-चेरामन जुमा मस्जिद का निर्माण वर्ष 629 में केरल के तत्कालीन हिंदू राजा चेरामन पेरुमल भास्करा रविवर्मा और स्थानीय हिंदुओं के सहयोग से कोडुंगल्लूर में हुआ था।

जबकि भारत में पैगंबर मुहम्मद साहब के जीवनकाल में अरब के बाहर विश्व की पहली मस्जिद-चेरामन जुमा मस्जिद का निर्माण वर्ष 629 में केरल के तत्कालीन हिंदू राजा चेरामन पेरुमल भास्करा रविवर्मा और स्थानीय हिंदुओं के सहयोग से कोडुंगल्लूर में हुआ था। यह इसलिए संभव हुआ, क्योंकि समावेशी भारतीय वैदिक दर्शन न तो काफिर-कुफ्र अवधारणा जैसा असहिष्णु है और न ही संकुचित। भारत पंथनिरपेक्ष है, तो वह संविधान की वजह से ही नहीं, अपितु अपने शाश्वत हिंदू चरित्र और वैदिक परंपराओं के कारण भी। विगत सहस्राब्दी में भारतीय उपमहाद्वीप के जिन क्षेत्रों में 'एक ही ईश्वर सच्चा है, शेष झूठे हैं' रूपी दर्शन का वर्चस्व हुआ, वहां अन्य धर्म के स्थानीय अनुयायी या तो समाप्त हो गए या फिर दोयम दर्जे का जीवन बिताने को विवश हैं। इस भूखंड में बहुलतावाद और लोकतंत्र केवल उन्हीं स्थानों पर जीवित है, जहां आज भी भारतीय सनातन संस्कृति की प्रधानता है। अरब सहित मध्यपूर्व एशिया में एक करोड़ से अधिक भारतीय प्रवासी (गैर-मुस्लिम सहित) बसते हैं। इस भूभाग में जिस देश के जो भी नियम-कानून हैं, वे उनका बिना किसी प्रतिकार के पालन करते हैं। उदाहरणस्वरूप, सऊदी अरब में सार्वजनिक रूप से मूर्ति पूजा या कोई भी गैर-इस्लामी पूजा-अर्चना प्रतिबंधित है। इसे भारतीय हिंदू उसी सम्मान के साथ स्वीकार करते हैं। क्या कभी विश्व के किसी घोषित इस्लामी या ईसाई देश में किसी हिंदू ने इस प्रकार का भाव प्रचारित किया कि उसकी आस्था, परंपरा और मान्यताओं को स्थानीय कानून द्वारा कुचला जा रहा है? इसके विपरीत भारत, अमेरिका और फ्रांस सहित कई यूरोपीय देशों में एक वर्ग द्वारा वहां के स्थानीय कानूनों और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रतिकार की चर्चा आम रहती है।

क्या यह सच नहीं कि भारत में भी एक वर्ग अपनी मजहबी मान्यताओं को भारतीय कानून या संविधान से ऊपर रखने की कोशिश करता है? इसी में से एक वर्ष 1985-86 का शाहबानो मामला है, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए प्रगतिशील निर्णय का भड़काऊ नारों के साथ हिंसक विरोध किया गया और इस कट्टरता के समक्ष आत्मसमर्पण करते हुए तत्कालीन राजीव गांधी सरकार ने संसद में अपने प्रचंड बहुमत के बल पर अदालत का फैसला पलट दिया था। वर्ष 2019-20 में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का विरोध, 2021-22 का कर्नाटक हिजाब प्रकरण और ज्ञानवापी परिसर मामले में नूपुर शर्मा को जान से मारने के फतवे के साथ निरपराध कन्हैयालाल (उदयपुर) और उमेश (अमरावती) की हत्या के मामले भी इसी किस्म की मानसिकता का विस्तार कहे जाएंगे। बड़ा प्रश्न यह भी है कि अरब देशों-विशेषकर यूएई और बहरीन के मुस्लिम शासकों को किस बात ने बहुदेववाद और सह-अस्तित्व को जगह देने के लिए प्रेरित किया? वह भी इस तरह कि वे न केवल मंदिरों के लिए भूमि दान कर रहे हैं, बल्कि मंदिर परियोजनाओं के साथ जुड़ भी रहे हैं। इसका उत्तर अरब प्रायद्वीप के हालिया सामाजिक-राजनीतिक घटनाक्रम में मिल जाता है।

बलबीर पुंज

## संपादकीय

### विपक्ष के गढ़ में क्या खिलेगा कमल?

यह भी अहम सवाल है कि क्या भाजपा किसी ऐसे राज्य में चुनाव जीत पाएगी, जहां इससे पहले वह कभी नहीं जीती है? क्या वह आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल में खाता खोल पाएगी? ध्यान रहे दक्षिण भारत के पांच बड़े राज्यों में कर्नाटक में उसका वर्चस्व रहा है और तेलंगाना में उसने तेजी से अपना आधार बनाया है। फिर भी इन दोनों राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद भाजपा के लिए स्थितियां पहले जैसी अनुकूल नहीं रह गई हैं। तेलंगाना में पिछली बार भाजपा ने चार सीटें जीती थीं और कांग्रेस को तीन सीट मिली थी। एक सीट ओवैसी पार्टी ने जीती थी। बाकी नौ सीटें केसीआर की पार्टी को मिली थी। विधानसभा चुनाव हारने के बाद केसीआर की जगह कांग्रेस आ गई है। यह देखना दिलचस्प होगा कि वह भाजपा को रोक पाती है या नहीं। आंध्र प्रदेश में भाजपा अकेले चुनाव लड़ी थी और उसे एक फीसदी से भी कम वोट मिले थे। लेकिन इस बार वह पवन कल्याण की जन सेना पार्टी और चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी से तालमेल की संभावना तलाश रही है। वैसे मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के साथ भी भाजपा के दोस्ताना संबंध हैं। माना जा रहा है कि किसी न किसी गठबंधन में जाकर वह खाता खोलने का प्रयास करेगी। इससे ज्यादा कोई संभावना उसके लिए नहीं है। यही हाल तमिलनाडु और केरल में भी है। केरल में उसे 10 फीसदी से कुछ ज्यादा वोट मिले थे लेकिन वह कोई सीट जीतने की स्थिति में पहले भी नहीं थी और अब भी नहीं दिख रही है। तमिलनाडु में अन्नाडीएमके के अलग होने के बाद भाजपा के पास अकेले लड़ने के सिवा कोई चारा नहीं है। अकेले लड़ कर वह बहुत अच्छा प्रदर्शन करेगी तब भी उसका वोट प्रतिशत दहाई में नहीं पहुंचेगा। इसलिए दक्षिण में विपक्ष के गढ़ में सिर्फ तेलंगाना है, जहां भाजपा को कुछ उम्मीद है।


# सेवानिवृत्ति के बाद तनावमुक्त बुढ़ापा चाहिए

कोई भी व्यक्ति अपनी स्थिति के आधार पर सेवानिवृत्ति का प्रबंधन करने के तरीकों का पता लगा सकता है। याद रखें, सेवानिवृत्ति की सबसे सही परिभाषा होती है कि जब किसी व्यक्ति की कोई आय नहीं होती है। यदि पेंशन मिलती है, तो आप भाग्यशाली हैं, क्योंकि आपके पास कुछ ऐसा है जो बहुतों के पास नहीं है। ऐसे तीन अलग-अलग आयु वर्ग हैं जब सेवानिवृत्ति अधिकांश लोगों के लिए प्राथमिकता या चिंता का कारण बन जाती है।

### सेवानिवृत्ति का पहला चरण...40 से 60 की उम्र

पहला चरण 40-60 वर्ष की उम्र का है, जो सेवानिवृत्ति से पहले का चरण है। इसमें व्यक्ति को किसी समय पर योजना बनाने की जरूरत का एहसास होता है और पर्याप्त धन होने या न होने की चिंता होती है। यह वह चरण भी है, जब कोई व्यक्ति अपने जीवन में कई वित्तीय आकांक्षाएं पूरी करने में कामयाब होता है।?अगर आप नौकरी करते हैं तो संभावना है कि आप कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) या राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) का हिस्सा होंगे। इनका उपयोग सेवानिवृत्ति के बाद कर सकते हैं। यदि आप इस आयु वर्ग में हैं, तो उस राशि से कोई समझौता न करें, जो आपके सेवानिवृत्ति के लिए है। यह लक्ष्य पाने के लिए जितना संभव हो, बचत का प्रयास करें। आक्रामक तरीके से जितना संभव हो उतना इक्विटी में निवेश करें, क्योंकि 10-15 वर्षों में इक्विटी के जरिये महंगाई को मात देने व धन सृजन की संभावना अधिक है।

### दूसरा चरण...समस्याओं का करना होगा सामना



*सेवानिवृत्ति के बाद बेहतर जीवनयापन के लिए अलग-अलग तरीके से बचत की जरूरत होती है। इन्हें ऐसे निवेश करें कि इन पर बेहतर रिटर्न मिले। इसे कई भाग में बांट सकते हैं। जैसी जरूरत, वैसा निवेश। हम अक्सर पैसों से जुड़ी गलतियां करते हैं। इन्हें टालकर यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि सेवानिवृत्ति के बाद जीवन तनावमुक्त हो।*

दूसरा चरण सेवानिवृत्ति के पहले 10-15 वर्ष हैं। इसमें व्यक्ति को दो सामान्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पहला, आप बहुत तेजी से खर्च करते हैं या आपके पास जो कुछ है उसके प्रति आप अति रूढ़िवादी हैं। दोनों ही आपके विरुद्ध जाते हैं। इस चरण में आपका प्राथमिक उद्देश्य सेवानिवृत्ति की बचत को पूरा करना नहीं है।

अपनी रकम में से एक निश्चित राशि का उपयोग करें, जो कुल रकम का चार-पांच फीसदी हो। यह आंकड़ा इस आधार पर निकाला जाता है कि कोई अति रूढ़िवादी व्यक्ति बैंक खाते के ब्याज से कितनी कमाई करेगा। यह आपके पास मौजूद कोष पर एक सुरक्षा प्रदान करेगा।

अपना सारा पैसा बैंक में रखने की गलती न करें और ब्याज आय से गुजारा करने की उम्मीद न करें। आपको सेवानिवृत्ति बचत को तीन-चार जगह रखना चाहिए। पहली दो जगह में इतना पैसा होना चाहिए कि आपको अगले पांच-सात वर्षों में अपने नियमित खर्चों के प्रबंधन के लिए इसकी जरूरत होगी। शेष राशि में से 50 फीसदी रकम आपको उन वित्तीय साधनों में रखना चाहिए, जिससे महंगाई को सहन करने के लिए बहुत कम इक्विटी जोखिम हो। शेष 50 फीसदी इक्विटी में निवेश करें, जहां बहुत ज्यादा रिटर्न मिल सके। आपको इसकी चिंता नहीं करनी है कि कितनी रकम बचाने की जरूरत है। आप जितना बचा सकते हैं, उससे ज्यादा बचत की कोशिश करें और इसी लक्ष्य के लिए निवेश करें। इस दौर में आपके अधिकांश वित्तीय लक्ष्य समाप्त हो चुके हैं, इसलिए पूरा ध्यान सेवानिवृत्ति पर होना चाहिए। अपने बच्चों के लिए अत्यधिक बचत करने की गलती न करें और उन्हें स्वयं अपनी देखभाल करने के लिए तैयार करें, प्रेरित करें। इसी तरह, ऋण (डेट) और निश्चित रिटर्न माध्यमों पर ज्यादा भरोसा ना करें, क्योंकि ये आपकी पूंजी को सुरक्षित तो रखेंगे लेकिन ठीक-ठाक पैसा बनाने के लिए उचित रिटर्न नहीं दिलाएंगे। अगर आप उन लोगों में से हैं, जो सेवानिवृत्ति या किराये से आमदनी के लिए दूसरे घर के बारे में सोच रहे हैं, तो ऐसा न कर धन सृजन पर ध्यान दें।

रामचंद्र गुहा

## मिला जुला

# संदेशखाली केस-हाईकोर्ट ने दूसरी बार बंगाल सरकार को फटकारा

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार को ममता बनर्जी सरकार से कहा कि संदेशखाली केस में टीएमसी लीडर शेख शाहजहां को गिरफ्तार किया जाए।



हाईकोर्ट में एक वकील ने याचिका लगाई थी कि कई लोग संदेशखाली जा रहे हैं। कुछ को गिरफ्तार किया जा रहा है तो कुछ को मालाएं पहनाई जा रही हैं। वकील ने अपील की कि हाईकोर्ट संदेशखाली की जांच के लिए एक स्वतंत्र कमेटी गठित करे।

अदालत ने कहा कि हम ऐसा करेंगे, लेकिन हम चाहते हैं कि राज्य सरकार, पुलिस, सीबीआई और ईडी कोर्ट में मौजूद रहे। साथ ही अब तक फरार चल रहा जिला परिषद अध्यक्ष शेख शाहजहां भी। हमने पढ़ा कि उसने एंटीसिपेटरी बेल के लिए एप्लीकेशन दी थी, जिसे खारिज कर दिया गया।

संदेशखाली में TMC नेता शेख शाहजहां और उसके दो साथियों शिबू हाजरा और उत्तम सरदार पर आरोप है कि वे महिलाओं का गैंगरेप कर रहे थे। इस केस में शिबू हाजरा और उत्तम सरदार समेत 18 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शाहजहां अब तक फरार है। शाहजहां शेख TMC का डिस्ट्रिक्ट लेवल का नेता है। राशन घोटाले में ED ने 5 जनवरी को उसके घर पर रेड की थी। तब शाहजहां के 200 से ज्यादा सपोर्टर्स ने टीम पर अटैक कर दिया। अफसरों को जान बचाकर भागना पड़ा। तभी से शाहजहां शेख फरार है। हालांकि संदेशखाली के लोगों का कहना है कि वो कहीं नहीं गया, यही हैं।

संयुक्त किसान मोर्चा का बड़ा ऐलान

# 'डब्लूटीओ क्विट डे' मनाएंगे किसान

**नई दिल्ली** । पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर किसानों का आंदोलन जारी है। इसी बीच संयुक्त किसान मोर्चा ने 26 फरवरी यानी कल ÒWTO क्विट डे' मानने का ऐलान किया है। किसान संगठन ने कहा कि खेती को WTO से बाहर रखें। संयुक्त किसान मोर्चा ने केंद्र सरकार से मांग की है कि 26 से 29 फरवरी तक अबू धाबी में होने वाले विश्व व्यापार संगठन के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में खेती को डब्ल्यूटीओ से बाहर रखने के लिए विकसित देशों पर दबाव डाला जाए। भारत की खाद्य सुरक्षा और मूल्य समर्थन कार्यक्रम डब्ल्यूटीओ में बार-बार विवादों का विषय रहा है। दरअसल, प्रमुख कृषि निर्यातक



देशों ने 2034 के आखिर तक खेती को समर्थन देने के लिए WTO सदस्यों के अधिकारों के वैश्विक स्तर पर 50त्न कटौती का प्रस्ताव दिया है। एसकेएम ने कहा कि भारत सरकार को इन मुद्दों के स्थायी समाधान के लिए सामूहिक रूप से लड़ने के लिए कम विकसित देशों से समर्थन जुटाना चाहिए, ताकि विकासशील देशों को न केवल अपने मौजूदा कार्यक्रमों को बनाए रखने की अनुमति दी जाए, बल्कि उन्हें बड़े पैमाने पर अपने किसानों और लोगों का समर्थन करने के लिए उन्हें मजबूत करने की अनुमति दी जाए। एसकेएम ने कहा कि देशभर के किसान 26 फरवरी को 'डब्ल्यूटीओ क्विट डे' के रूप में मनाएंगे और दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक नेशनल और स्टेट हाईवे पर यातायात में बाधा डाले बिना ट्रैक्टर खड़े करेंगे। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि दिल्ली चलो मार्च में भाग ले रहे किसान अपनी मांगें पूरी होने तक आंदोलन खत्म नहीं करेंगे। उन्होंने संकेत दिया कि लोकसभा चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू हो जाने के बाद भी किसानों का आंदोलन जारी रहेगा। हजारों किसान हरियाणा से लगी पंजाब की खनौरी और शंभू सीमाओं पर अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और ट्रकों के साथ डेरा डाले हुए हैं। इससे पहले, फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित विभिन्न मांगों के लिए केंद्र पर दबाव बनाने के लिए उनके दिल्ली मार्च को सुरक्षा बलों द्वारा रोक दिया गया था।

# गजल गायक पंकज उधास नहीं रहे

### लंबी बीमारी के बाद 72 साल की उम्र में ली अंतिम सांस, 2006 में मिला था पद्मश्री

**नई दिल्ली।** मशहूर गजल गायक पंकज उधास का आज 72 साल की उम्र में निधन हो गया है। उनके निधन की जानकारी उनकी बेटी नायाब ने सोशल मीडिया पर दी है। गजल गायक पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में सोमवार 26 फरवरी की सुबह 11 बजे अंतिम सांस ली। पंकज उधास को बड़ी पहचान फेमस गजल चिट्ठी आई है से मिली थी। पंकज उधास का जन्म 17 मई 1951 को गुजरात के जेतपुर में हुआ था। वो अपने तीनों भाइयों में सबसे छोटे थे। उनका परिवार राजकोट के पास चरखाड़ी नाम के एक कस्बे का रहने वाला था। उनके दादा जमींदार थे और भावनगर राज्य के दीवान भी थे। उनके पिता केशुभाई उधास सरकारी कर्मचारी थे, उन्हें इसराज बजाने का बहुत शौक था। वहीं




उनकी मां जीतूबेन उधास को गानों का बहुत शौक था। यही वजह थी पंकज उधास समेत उनके दोनों भाइयों का रुझान संगीत की तरफ हमेशा से रहा। पंकज ने कभी नहीं सोचा था कि वो अपना करियर सिंगिंग में बनाएंगे। उन दिनों भारत और चीन के बीच युद्ध चल रहा था। इसी दौरान लता मंगेशकर का 'ऐ मेरे वतन के लोगों' गाना रिलीज हुआ था। पंकज को ये गाना बहुत पसंद आया। उन्होंने बिना किसी की मदद से इस गाने को उसी लय और सुर के साथ तैयार किया। एक दिन स्कूल के प्रिंसिपल को पता चला कि वो गायिकी में बेहतर हैं, जिसके बाद उन्हें स्कूल प्रेयर टीम का हेड बना दिया गया। एक बार उनकी कॉलोनी में माता रानी की चौकी बैठी थी। रात में आरती-भजन के बाद वहां पर कल्चरल प्रोग्राम होता था। इस दिन पंकज के स्कूल के टीचर आए और उन्होंने कल्चरल प्रोग्राम में पंकज से एक गाने की फरमाइश की।

# गजब की मारक क्षमता और मेड इन इंडिया

### ब्रह्मोस पर पूरा भरोसा

नई दिल्ली। ब्रह्मोस मिसाइल भारतीय सेना का प्रमुख हथियार बनती जा रही है। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने सोमवार को इसे लेकर अधिक जानकारी दी। ब्रम्होस को लेकर उन्होंने कहा, यह बहुत शक्तिशाली मिसाइल है।




इसकी रेंज को और भी ज्यादा डेवलेप किया जा रहा है। फैक्ट यह है कि इसे भारत में बनाया गया है, इसलिए हम इसे लेकर किसी और पर निर्भर नहीं हैं।% एडमिरल कुमार ने कहा कि देश में ही ब्रम्होस की मरम्मत की जा सकती है और इसके स्पेयर भी उपलब्ध हैं। यह हमारे लिए काफी अच्छी बात है।

नेवी चीफ ने कहा, सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल के तौर ब्रह्मोस अब हमारा प्राथमिक वेपन होगी। वायु सेना और वायु लड़ाकू विमान भी इसे हवा से सतह पर मार करने वाले प्राथमिक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। इसकी रेंज, क्षमता और घातकता को काफी डेवलप किया जा चुका है। यही वजह है कि कुछ समय के लिए ब्रम्होस मुख्य आधार बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी पुरानी मिसाइलों को इससे बदल रहे हैं। ब्रह्मोस स्थापित किए जा रहे हैं। अब हम इसे बहुत कम समय में स्थापित करने में सक्षम हैं।

**मिसाइल बन रही प्रमुख हथियार**

### 200 ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी

*सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने हाल ही में भारतीय नौसेना के लिए 200 से अधिक ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों की खरीद को मंजूरी दे दी थी। इस पर लगभग 19,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। नौसेना की समग्र युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने के लिए मिसाइलों को विभिन्न युद्धपोतों पर तैनात किया जाएगा। समझा जाता है कि इस प्रस्ताव के तहत लगभग 290 किलोमीटर की दूरी तक मार करने में सक्षम ब्रह्मोस मिसाइल और लगभग 450 किलोमीटर दूर तक निशाना लगाने वाले हथियार की खरीद की जाएगी। भारत-रूस संयुक्त उद्यम 'ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड' सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों का उत्पादन करती है जिन्हें पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों या जमीन से लक्ष्य की ओर दागा जा सकता है। ब्रह्मोस मिसाइल 2.8 मैक यानी ध्वनि की गति से लगभग 3 गुना अधिक गति से लक्ष्य की तरफ जाती है।*

सेजेस कोड़ातराई में जनप्रतिनिधियों और बच्चों ने खाया न्यौता भोजन

# जगदम्बा स्व-सहायता समूह और राजेंद्र महंत प्रधानपाठक के सौजन्य से हुआ आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।






शासकीय स्कूल के बच्चों में अतिरिक्त पोषण विकास के लिए प्रधानमंत्री पोषण शक्ति विकास योजना के तहत न्यौता भोजन का अयोजान शासकीय शालाओ में आयोजित करने के निर्देश दिये गये है, जिसमें जनसमुदाय से कोई भी व्यक्ति, समाज सेवी, समुदाय के लोग मध्यान्ह भोजन के साथ अतिरिक्त पोषण आहार स्कूल परिसर में खिला सकता है। न्यौता भोजन कार्यक्रम के अंतर्गत आज सेजेस कोंडातराई में जगदम्बा स्व-सहायता समूह कोंडातराई एवं प्रधान पाठक राजेन्द्र कुमार महंत के सौजन्य से स्कूल के बच्चों को न्यौता भोजन कराया गया।

ज्ञात हो कि न्यौता भोजन के तहत विभिन्न त्योहारों और अवसरों जैसे जन्मदिन, शादी की वर्षगांठ, शादी, कोई धार्मिक आयोजन और अन्य राष्ट्रीय पर्व पर इसका आयोजन स्कूलों में किया जा सकता है और बच्चों को पौष्टिक स्वादिष्ट भोजन मध्यान्ह भोजन के साथ देकर खिलाया जा सकता है। इसके लिए सभी शासकीय शालाओं के प्राचार्यो और प्रधान पाठकों से संपर्क किया जा सकेगा। न्यौता भोजन का आयोजन सिर्फ स्कूल परिसर में ही आयोजित किया जा सकेगा। इस योजना के तहत समुदाय के लोग शालाओं में किचन के बर्तन भी प्रदान कर सकते है। न्यौता भोजन में मध्यान्ह भोजन के साथ-साथ स्थानीय खान-पान के अनुसार पौष्टिक भोजन जैसे फल, दूध, मिठाई, बिस्कुट, हलवा, चिक्की, अंकुरित अनाज, पूरी, खीर और विशेष कर हमारे छत्तीसगढ़ के मिलेट्स को सम्मिलित किया जा सकता है। न्यौता भोजन में किसी भी स्थिति में फास्ट फूड जैसे चाउमीन, मैगी, पास्ता, नूडल जैसे खाद्य पदार्थो का समावेश नही किया जावेगा।

आज के कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक नरेन्द्र चौधरी, एपीसी आलोक स्वर्णकार, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दिनेश पटेल की उपस्थिति में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल कोड़ातराई के 500 बच्चों को मध्यान्ह भोजन के चावल, दाल, सब्जी के साथ-साथ अतिरिक्त पूरक पोषण आहार बड़ा, रसगुल्ला, फल वितरित किया गया, जिसे बच्चे ग्रहण कर प्रफुल्लित नजर आये। आज के न्यौता भोजन कार्यक्रम के अवसर पर गोपी चौधरी जनपद उपाध्यक्ष, पद्मलता चौहान सरपंच, रामेश्वरी साव उपसरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि रामपुकार सिंह, संजय सिंह, रोहित कुमार साव, देव कुमार चौधरी, जगदीश चौधरी, जगदम्बा स्व-सहायता समूह के सभी सदस्य, प्राचार्य मोहन लाल गुप्ता एवं समस्त स्टाफ सेजेस कोंडातराई स्कूल उपस्थित रहे।

## एक नजर

प्रधानमंत्री-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना

### हितग्राहियों को प्रतिमाह मिलेगा 300 यूनिट तक मुक्त बिजली का लाभ

**दंतेवाड़ा** । प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की शुरुआत की गई है। योजना के तहत् प्रतिमाह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करने का लक्ष्य है। इसके तहत घरों की छत पर ऑनग्रिड सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना की जाएगी। क्रेडा विभाग के अधिकारी श्री रविकांत भारद्वाज ने बताया कि इससे प्रतिमाह 300 यूनिट तक की बिजली की बचत, 78 हजार रूपये तक की सब्सिडी, सस्ते ब्याज पर लोन उपलब्ध कराया जायेगा। इस योजना से जुड़ने की प्रक्रिया बेहद सरल है। योजनांतर्गत हितग्राहियों को प्राप्त होने वाले केन्द्र शासन का अनुदान की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि औसत मासिक विद्युत की खपत (यूनिट) 0-150, उपयुक्त रूफटॉप सोलर प्लांट क्षमता 1-2 किलोवाट, अनुदान 30 हजार से 60 हजार रूपये, औसत मासिक विद्युत खपत (यूनिट) 150-300, उपयुक्त रूफटॉप सोलर प्लांट क्षमता 2-3 कि.वॉ., अनुदान 60 हजार से 78 हजार रूपये एवं औसत मासिक विद्युत खपत (यूनिट) 300 से अधिक, उपयुक्त रूफटॉप सोलर प्लांट क्षमता 3 कि.वॉ., अनुदान 78 हजार रूपये है। अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यालय क्रेडा विभाग कार्यालय के फोन नंबर 07856 299214 पर भी संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा लिंक http://e egistrati on.pmsu ryaghar.gov.in पर जा कर रजिस्टेऊशन किया जा सकता है।

### एम/एनएस किरंदुल द्वारा पुनर्निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण










**किरंदुल बचेली** । एम/एनएस इंडिया कंपनी द्वारा किरंदुल के भट्टी पारा वार्ड क्रमांक 07 एवं सिद्दीकी पारा वार्ड क्रमांक 10 मुख्य बाजार में ष्टस्क्र के तहत् पुनर्निर्मित सामुदायिक भवन-लोक विकास केन्द्र का उद्धघाटन किया गया।

25/02/2024 को उक्त नवनिर्मित भवन का उद्घाटन मुख्य नगर पालिका अधिकारी बंसी लाल नरूटी एवं एम/एनएस के महाप्रबंधक वाई वी राघवेलू के करकमलों द्वारा किया गया। समारोह में किरंदुल विधायक प्रतिनिधि जितेन्द्र गुप्ता, ष्टस्क्र प्रतिनिधि डॉ.तेजप्रकाश,वार्ड पार्षद 07 के राजू पालीवाल,सतीश,के गोविंद राजू, पार्षद अब्दुल हमीद सिद्दीकी,डी एस साहू, नरेश साहू,एम/एनएस स्टाफ एवं समस्त वार्ड वासी उपस्थित थे। एम/एनएस इंडिया कंपनी के इस उद्घाटन समारोह का मुख्य उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक विकास कार्यों को बढ़ावा देना है। जिससे समुदाय के सभी सदस्यों की आवास, शिक्षा, और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान हो सके।

### सरेआम शराब पीते 21 गिरफ्तार

**रायपुर** । राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 21 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने कचना शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी गजराज सिंह चौहान 24 वर्ष, गोपाल विश्वकर्मा 27 वर्ष, राहुल ध्रुव 22 वर्ष, अर्जून मानिकपुरी 36 वर्ष व राजेश वैष्णव 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत मेडिकल संचालकों की मीटिंग



**दंतेवाड़ा** । जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री गौरव राय, दंतेवाड़ा के दिशा निर्देशन एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रामकुमार बर्मन, दंतेवाड़ा एवं श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री कपिल चंद्रा, किरन्दुल के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाकर गांजा गोली विक्रय/सेवन करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने दिशा-निर्देश प्राप्त होने पर आज दिनांक 25.02.2024 को बचेली क्षेत्र में संचालित मेडिकल मालिक/दूकानदारो को आहुत कर मीटिंग लिया गया मीटिंग में मेडिकल मालिक/दूकानदारो को समझाईश दिया गया कि युवकों के द्वारा ऐसे दवाइयों का सेवन किया जा रहा है जो ईलाज के लिये उपयोग न कर नशा करने के लिये प्रयोग किया जा रहा है जिससे युवक नशे के कारण मानसिक एवं शारीरिक रूप से कमजोर हो रहे है जिसका असर उनके परिजनो पर भी हो रहा है जो डिप्रेशन का शिकार हो रहे है, जिसकी रोकथाम हेतु ऐसे मेडिसिन जिसका उपयोग नशाखोरी के लिए किया जा रहा है। ऐसे व्यक्ति एवं मरीजो को डॉक्टरी सलाह पर्ची के बिना विक्रय ना करने एवं विक्रय की गई दवाइंयो का पूरा डिटेल अपने पास रखने साथ ही पर्ची की छायाप्रति भी क्रेता से प्राप्त करने एवं किसी प्रकार की कोई व्यक्ति बिना पर्ची या जबरदस्ती दवाईयो की मांग करता है या क्रय करने आता है तो तत्काल थाना बचेली के शासकीय मोबाईल नंबर 9479194316, 07857-230337 से सूचित करने समझाईश दिया गया है।

## कामधेनु विश्वविद्यालय में सूकर पालन प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण








**दुर्ग।** दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग के कुलपति डॉ. आर.आर.बी.सिंह के मार्गदर्शन एवं पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, अंजोरा के अधिष्ठाता डॉ.एस.के.तिवारी के नेतृत्व में सूकर पालक किसानों एवं उद्यमियों के विशेष मांग पर तीन दिवसीय सूकर पालन प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 05 से 07 मार्च 2024 तक किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में सूकर पालन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी जैसे छत्तीसगढ़ में सूकर पालन की संभावनाऐं, छत्तीसगढ़ की जलवायु के लिए उपयुक्त नस्ले, उनके आवास एवं सामान्य प्रबंधन, आहार प्रबंधन, सूकर में आकस्मिक शल्य चिकित्सा एवं प्राथमिक उपचार, सूकर में होने वाली महत्वपूर्ण बीमारियां, उनका टीकाकरण, रोकथाम, छत्तीसगढ़ एवं भारत सरकार द्वारा सूकर पालन को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे एन.एल.एम. (नेशनल लाइवस्टॉक मिशन) एवं नाबार्ड पोषित योजनाएं, आवेदन प्रक्रिया, बैंक लोन की प्रक्रिया, छत्तीसगढ़ राज्य में सूकर पालन में संभावनाओं के बारे में विभिन्न विषय विशेषज्ञों के द्वारा सारगर्भित व्याख्यान एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण शुल्क रु. 3000 (बिना रहवासी) एवं रु. 4000 (रहवासी) रखा गया है। इस प्रशिक्षण की अधिक जानकारी के लिए प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. रामचंद्र रामटेके, सहा.प्राध्यापक मो.नं.9329583360, डॉ.एस.के.तिवारी, अधिष्ठाता एवं मुख्य प्रशिक्षण प्रभारी पशुचिकित्सा एवं पशुपालन, महाविद्यालय अंजोरा, दुर्ग तथा विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ. दिलीप चौधरी से कार्यालयीन समय पर संपर्क किया जा सकता है।

## जिला पंचायत सीईओ ने गम्हरिया ग्राम पंचायत सचिव को किया निलंबित

*शासन के महत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही बरतने एवं उच्चाधिकारियों के समय-समय पर दिये गये आदेशों, निर्देशों का अवहेलना करने के मामले में हुई कार्यवाही*

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिला पंचायत जशपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार ने जनपद पंचायत जशपुर के गम्हरिया ग्राम पंचायत सचिव सुरेन्द्र राम भगत को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय जशपुर निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार द्वारा 24 फरवरी 2024 को लिये गये समीक्षा बैठक में जनपद पंचायत जशपुर के पंचायत सचिव ग्राम गम्हरिया सुरेन्द्र राम भगत के प्रतिवेदन 24 फरवरी को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, विश्वकर्मा, महतारी वन्दन आयुष्मान कार्ड मनरेगा व अन्य शासकीय योजना अंतर्गत प्रगति लाये जाने हेतु समीक्षा बैठक आहूत की गई थीए जिसमें बगैर पूर्व सूचना के बैठक में अनुपस्थित रहे। जिससे उक्त योजना अंतर्गत प्रगति की समीक्षा नहीं हो पाई। इनके द्वारा बार-बार उच्चाधिकारियों के आदेशों, निर्देशों का अवहेलना किया जा रहा है। इस प्रकार भगत द्वारा ग्राम पंचायत सचिव द्वारा शासन के महत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही बरतना एवं उच्चाधिकारियों के समय-समय पर दिये गये आदेशों, निर्देशों का अवहेलना किया गया है, जो छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 के नियम 03 तथा छग ग्राम पंचायत सचिव की शक्तियां तथा कृत्यद्ध नियम, 1999 के नियम 3 एवं 4 के विपरीत है। इस हेतु ग्राम पंचायत सचिव गम्हरिया सुरेन्द्र राम भगत को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## घर में खून से लथपथ मिली मां-बेटी की लाश

**कवर्धा-रायपुर** । जिले में एसपी ऑफिस के सामने एक मकान में रविवार को मां और बेटी की खून से लथपथ सड़ी-गली लाश मिली है. इससे इलाके में सनसनी फैल गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और रायपुर से फॉरेंसिक की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. मृतकों में बेटी का नाम वसुंधरा वैष्णव बताया जा रहा है. मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है. मिली जानकारी के अनुसार, मकान के दो रूम में अलग-अलग मां-बेटी की लाश मिली है. पड़ोसियों ने घर से बदबू आने पर पुलिस को इसकी सूचना दी.

## अवैध शराब परिवहन करते हुए आरोपी को किया गया गिरफ्तार



**राजनादगांव।** पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में जिले में चलाये जा रहे अवैध नशीले पदार्थ के विरूद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत दिनांक 25.01.2024 को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुआ कि व्यक्ति ग्राम बोडलदंड जंगल के रास्ते मोटर सायकल पल्सर क्रमांक MH.36.Y.0315 में अवैध शराब परिवहन कर रहा है की सूचना पर हमराह स्टाफ व गवाहों के शराब रेड कार्यवाही किया गया आरोपी रमेश पटले के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में रखे 96 नग पौवा देशी दारू संत्री महाश्न निर्मित शराब प्रत्येक पौवा में 180 एमएल भरी हुई कल 17 लीटर 280ML, प्रत्येक पौवा की कीमत 70 कुल शराब की कीमत जुमला 6720 रुपए एवम घटना में प्रयुक्त वाहन मोटर सायकल बजाज पल्सर को जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2),36 आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में उप निरी. दिनेश कुमार, आर0 164,797, 1899 का सराहनीय योगदान रहा।

अवैध शराब परिवहन पर गीदम पुलिस की बड़ी कार्यवाही

## शराब के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार

असामाजिक तत्वों के विरूद्ध गीदम पुलिस की नियमित चेकिंग अभियान जारी



**दंतेवाड़ा।** जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा में अपराधों की रोकथाम एवं असामजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक श्रीमान गौरव राय जिला दन्तेवाड़ा के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री स्मृतिक राजनाला ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन एवं श्रीमती उन्नति ठाकुर एसडीओपी के पर्यवेक्षण में एवं निरीक्षक धनंजय सिन्हा के नेतृत्व में गीदम पुलिस लगातार अवैध कार्यो में लिप्त असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही कर रही है। दिनांक 24.02.2024 को नियमित चेकिंग अभियान के दौरान मुखबीर की सूचना के आधार पर अवैध रूप से अंग्रेजी शराब परिवहन कर रहे आरोपी लखन नाग पिता कनी नाग उम्र 23 वर्ष जाति हल्बा साकिन मुचनार अतिकारी पारा थाना बारसूर जिला दन्तेवाडा छ0ग0 को पकड़ा गया जिसके कब्जे से अंग्रेजी शराब 11 नग (सिम्बा बियर) किमती 2310/-रूपये बरामद किया गया है। आरोपी हारम चैक गीदम बारसूर जाने के तिराहा से बैग में रखे 11 नग अवैध अंग्रेजी शराब (सिम्बा बियर) को लेकर वाहन का इन्तजार कर रहा था।

## शिवनाथ नदी से रोजाना दर्जनों ट्राली रेत निकाली जा रही

**राजनांदगांव।** अंतराष्ट्रीय पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत वर्मा साथ ही प्रदेश महासचिव विमल जैन ने अवैध उत्खनन पर रोग लगा ने हेतु गरीबों को मुफ्त रेत मिले इसके हेतु मांग की

खनिज विभाग के उदासीन रवैये के चलते खनिज माफिया सक्रिय हो रहे हैं। नदी में रोजाना अवैध उत्खनन कर ट्रैक्टर ट्राली से रेत ले जाई जा रही है। इससे राजस्व का चूना लग रहा है। इसकी जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को होने के बावजूद वे चुप्पी साधे हुए हैं। शिकायतें होने पर प्रशासन द्वारा गिने चुने कुछ लोगों को पकड़ा जाता है। वहीं नाममात्र के लिए कार्रवाई भी की जाती है, लेकिन अवैध उत्खनन पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई न करने से अवैध उत्खनन करने वालों के हौसले बुलंद है और वह लगातार अवैध उत्खनन करने में जुटे हुए हैं

### उत्खनन करने वालों की राजनीतिक व प्रशासनिक पकड़

खनिज माफियाओं की राजनीतिक व प्रशासनिक अच्छी पकड़ है। इस कारण क्षेत्र मे अवैध उत्खनन कर राजस्व को चूना लगा रहे हैं, वहीं अधिकारी भी इसे नजरअंदाज कर अनुचित लाभ ले रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक अवैध उत्खनन करने वालों की अच्छी पकड़ है। कोई जनप्रतिनिधि की बताता है, तो प्रशासनिक अधिकारियों की आड़ में उत्खनन करने में जुटे हुए हैं। क्षेत्र की



बगदई, गुगुवा साल्हे,मटिया, करियाटोला, रातापायली, रुदगांव, बरगांव और शिवनाथ नदी के अन्य तट से रोजाना दर्जनों ट्रैक्टर ट्राली अवैध रेत खनन कर रहे हैं।

जिले में नदियों का दोहन करना कोई नया काम नहीं है, यह काफी लंबे समय से चला आ रहा है, जब जी चाहे, जितना चाहे वे नदी से बगैर परमिशन बालू (रेत) उठाकर ले जाता है. राजनांदगांव जिले में बहने वाली शिवनाथ नदी के सहित कई छोटी से बड़ी नदियों से रोजाना ट्रैक्टर एवं छोटे ट्रक में बालू भरकर लोकल एरिया से लेकर अन्य प्रांतों में भी भेजा जा रहा है. खतरे में नदियां, अवैध-निरंकुश तरीके से हो रहा रेत खनन, जिम्मेदार क्यों नहीं ले रहे एक्शन?जिले में नदियों का दोहन करना कोई नया काम नहीं है, यह काफी लंबे समय से चला आ रहा है, जब जी चाहे, जितना चाहे वे नदी से बगैर परमिशन बालू (रेत) उठाकर ले जाता है.राजनांदगांव जिले में बहने वाली शिवनाथ नदी से लगे मटिया,दर्री,खुज्जी, बगदई, गुगुवा साल्हे, करियाटोला,रातापायली, रुदगांव, बरगांव सहित कई छोटी से बड़ी नदियों से रोजाना 150 से 200 ट्रैक्टर एवं छोटे ट्रक में बालू भरकर लोकल एरिया से लेकर अन्य प्रांतों में भी भेजा जा रहा है.

खतरे में नदियां, अवैध-निरंकुश तरीके से हो रहा रेत खनन, जिम्मेदार क्यों नहीं ले रहे एक्शन?राजनांदगांव जिले में इन दिनों नदियों में अवैध रेत उत्खनन जोरों पर है. रेत माफियाओं (Sand Mafia) द्वारा रेत उत्खनन का गोरख धंधा काफी दिनों से किया जा रहा है, ऐसे में बड़ा सवाल यह उठता है कि रेत उत्खनन करने वाले एवं माफियाओं पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा एक्शन क्यों नहीं लिया जा रहा है. बता दें कि जिले में नदियों का दोहन करना कोई नया काम नहीं है, यह काफी लंबे समय से चला आ रहा है, जब जी चाहे, जितना चाहे वे नदी से बगैर परमिशन बालू (रेत) उठाकर ले जाता है.

राजनांदगांव जिले में बहने वाली शिवनाथ नदी सहित कई छोटी से बड़ी नदियों से रोजाना ट्रैक्टर एवं छोटे ट्रक में बालू भरकर लोकल एरिया से लेकर अन्य प्रांतों में भी भेजा जा रहा है. ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि छत्तीसगढ़ सरकार व स्थानीय प्रतिनिधि के संरक्षण में रेत माफिया फल-फूल रहे हैं और रेत उत्खनन जैसे अनैतिक कार्य कर नदियों का दोहन कर रहे हैं।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश भर के 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास एवं 1500 रोड ओवर ब्रिज अंडर पास का किया शिलान्यास एवं उद्घाटन

## रायगढ़ का रेलवे स्टेशन बनेगा अत्याधुनिक, सुविधाओं में होगा विस्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत 41 हजार करोड़ की लागत से देशभर के 554 रेलवे स्टेशनों की पुनर्विकास एवं 1500 रोड ओवर ब्रिज, अंडर पास परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित किया। योजना में रायगढ़ स्टेशन को भी शामिल किया गया है। जिसमें 15.89 करोड़ रुपए की लागत से रायगढ़ स्टेशन का उन्नयन तथा आधुनिकीकरण कार्य शामिल है।







प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज भारत एक नई कार्य संस्कृति का प्रतीक है, जो अभूतपूर्व स्पीड एवं स्केल से करता है। आज भारत छोटे सपने देखना छोड़ दिया है हम बड़े सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने के लिए दिन-रात कार्य भी करते हैं। यही संकल्प विकसित भारत और इस विकसित रेलवे परियोजना में दिख रहा है, जिसमें तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि हम जब विकसित भारत की बात करते हैं तो इसके सूत्रधार एवं सबसे बड़े लाभार्थी देश के युवा हैं आज के इन परियोजनाओं से लाखों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज रेलवे का कायाकल्प हो रहा है। जिसका लाभ उन युवाओं को भी मिलेगा जो स्कूल कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं। विकसित भारत युवाओं के सपनों का भारत है इसलिए विकसित भारत कैसे होगा यह तय करने का सबसे अधिक हक उन युवाओं को है। देश भर के युवाओं ने विभिन्न प्रतियोगिता के माध्यम से विकसित भारत के रेलवे का सपना सामने रखा है, जिन्हे पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। आपका सपना ही मोदी का संकल्प है। एक दशक पहले कल्पनाओं में सोचते थे, आज उसे आंखों से वंदे भारत जैसी सेमी हाई स्पीड ट्रेन के रुप में देख रहे है। आज एयरपोर्ट की तर्ज पर रेलवे स्टेशनों में सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है ताकि इसका लाभ जन सामान्य को मिल सके।

अमृत भारत स्टेशन योजना का वर्चुअल कार्यक्रम रायगढ़ रेलवे स्टेशन परिसर में किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महापौर श्रीमती जानकी काटजू ने कहा कि रेलवे यात्रियों को काफी समय से विभिन्न प्रकार की समस्याएं हो रही थी, जनसामान्य की मांग को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी द्वारा रेलवे सुविधाओं के लिए पूरे देश में पुनर्विकास लोकार्पण, शिलान्यास कार्य किया जा रहा है। जो सराहनीय पहल है।

नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को विकसित भारत के की ओर अग्रसर करने के लिए प्रयासरत है। उनकी सोच का ही नतीजा है कि जो पिछले 70 सालों में रेलवे के क्षेत्र में जो विकास नहीं हुआ था वह आज देखने को मिल रहा है। रेलवे स्टेशन, प्रतीक्षालय को सुविधाजनक बनाया जा रहा है। जिससे सभी यात्रियों के सुविधा होगी। आज रेलवे नित नए कीर्तिमान छू रहा हैं और बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। पूर्व विधायक विजय अग्रवाल ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश अमृत कल से गुजर रहा है, देश विकसित हो रहा है। एक दौर था जब एक-दो ओवर ब्रिज बनाने के लिए सालो साल लग जाते थे, लेकिन आज एक साथ 1500 रोड ओवर ब्रिज का लोकार्पण एवं शिलान्यास हो रहा है। 2014 से प्रधानमंत्री के शासन में अर्थव्यवस्था में विकास हुआ है, हमें गर्व है कि देश की बागडोर प्रधानमंत्री श्री मोदी जैसे एक सक्षम व्यक्ति के हाथ में है। जिससे देश के सभी क्षेत्र में समुचित विकास सुनिश्चित हो पा रहा है।

इस अवसर पर सुभाष पाण्डेय, शीला तिवारी, श्रीकांत सोमावार, बलबीर शर्मा, अनुपम पाल, दिबेश सोलंकी, मुक्तिनाथ बबूआ सहित रेलवे की सीनियर डी शशांक कोस्टा, सीआई बी.गायन, स्टेशन मास्टर महापात्रा, आरपीएफ टीआई राजेश वर्मा, सिटी आई इंचार्ज मो.अनवर, कामता पटेल सहित रेलवे के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रायगढ़ स्टेशन सहित जिले के अन्य स्टेशनों का होगा उन्नयन तथा आधुनिकीकरण

रायगढ़ स्टेशन का उन्नयन तथा आधुनिकीकरण 15.89 करोड़ रुपए की लागत से किए जाएँगे। इसके साथ ही रायगढ़ जिले में 53.4 करोड़ रुपए से कोतरा फाटक में बने आरओबी का लोकार्पण, 30.22 करोड़ रुपए से चक्रधरनगर फाटक में आरओबी, 19.74 करोड़ रुपए से कोटमार फाटक में आरओबी, 13.83 करोड़ रुपए से पथरापाली फाटक में आरयूबी, 35 करोड़ रुपए से उच्चभट्ठी फाटक में आरओबी, 14.18 करोड़ रुपए से भूपदेवपुर फाटक में आरयूबी, 23.52 करोड़ रुपए से बेल्लारी फाटक में आरओबी, 11.69 करोड़ रुपए से राबर्टसन फाटक में आरयूबी, 22.6 करोड़ रुपए से नहरपाली फाटक में आरओबी, 27.2 करोड़ से जामपाली फाटक में आरओबी, 32.12 करोड़ से खरसिया फाटक में आरओबी, 34.85 करोड़ से तुरेकेला फाटक में आरओबी कार्य शामिल है।

## बैंक खाता से जुड़े मोबाइल नंबर को महतारी वंदन योजना के जमा आवेदन में शीघ्र अपडेट करें- कलेक्टर चौहान

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।




कलेक्टर केएल चौहान ने कहा कि महतारी वंदन योजना के जमा आवेदन में हितग्राही जिन्होंने अपने ऑनलाइन या ऑफलाइन फार्म में बैंक से जुड़े मोबाइल नंबर नहीं दिया है, उनको फ र्म में सुधारने के लिए अभी समय है। हितग्राही अपने नजदीकी आंगनबाड़ी कार्यालय और परियोजना कार्यालय से इस संबंध में संपर्क कर अपने मोबाइल नंबर को अपडेट कर सकते हैं, जिससे उनका पैसा उनके बैंक खाता में सीधा आए। उल्लेखनीय है कि 8 मार्च को योजना का लाभ वितरण बैंक खाता में सीधा आएगा।

## बच्चों की परीक्षा को देखते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर लगा प्रतिबंध

### जिला बेमेतरा के कुल 77 केन्द्रों में परीक्षा संपन्न होगी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई स्कूल हायर सेकण्डरी मुख्य परीक्षा 2024 आगामी 01 मार्च 2024 से 23 मार्च 2024 तक प्रातः 09 बजे से 12 बजे तक जिला बेमेतरा के कुल 77 केन्द्रों में परीक्षा संपन्न होगी। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रणबीर शर्मा ने शालेय परीक्षा को ध्यान में रखते हुए बेमेतरा जिला सीमा क्षेत्र में तीव्र संगीत, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग तथा कोलाहल का प्रतिषेध एवं मोटरयान के विद्युत हार्न को लोकहित प्रतिबंधित कर दिया है। कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के तहत् प्रातः 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग एवं कोलाहल पर प्रतिबंध लगाया गया है। विशेष परिस्थितियों में संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी की अनुमति से धीमी आवाज में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किया जा सकेगा। रात्रि 10 बजे से प्रातः 06, बजे तक माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। इस आशय के आदेश जारी कर दिये है। जो आगामी आदेश पर्यन्त प्रभावशील होगा।



कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी,बेमेतरा(छ.ग.)
दूरभाष क्र. 07824-222129, फैक्स क्र. 07824-222029
E-mail bemetara.cg@gov.in

//आदेश//

क्रमांक 6785 /व.लि.01/2024 बेमेतरा, दिनांक 26/02/2024

अध्यक्ष, छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर के अर्द्ध शासकीय पत्र क्र. 2723 दिनांक 30.01.2024 अनुसार हाई स्कूल/हायर सेकण्डरी मुख्य परीक्षा 2024 दिनांक 01 मार्च 2024 से दिनांक 23 मार्च 2024 तक प्रातः 09:00 बजे से 12:15 बजे तक जिला बेमेतरा के कुल 77 केन्द्रों में परीक्षा सम्पन्न होगी। अतः शालेय परीक्षा को ध्यान में रखते हुए बेमेतरा जिला सीमा क्षेत्र में तीव्र संगीत, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग तथा कोलाहल का प्रतिषेध एवं मोटरयान के विद्युत हार्न का प्रतिबंधित करना लोकहित में आवश्यक है।

अतएव **कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के तहत् प्रातः 06:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे** तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग एवं कोलाहल पर प्रतिबंध लगाया जाता है।

विशेष परिस्थितियों में संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी की अनुमति से धीमी आवाज में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किया जा सकेगा।

**"रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 06:00 बजे तक माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है।"**

इस आदेश की प्रति सूचना बोर्ड पर चस्पा किया जावे तथा स्थानीय अखबारों में भी सर्व साधारण की जानकारी के लिये प्रकाशित किया जावे। यह आदेश पत्र जारी दिनांक से आगामी आदेश पर्यन्त प्रभावशील होगा।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी
बेमेतरा (छ.ग.)

पृ. क्रमांक 6783 /व.लि.01/2024 बेमेतरा, दिनांक 26/02/2024

प्रतिलिपि –

1. सचिव,छ.ग.माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर को सूचनार्थ।
2. आयुक्त दुर्ग संभाग, दुर्ग को सूचनार्थ।
3. पुलिस अधीक्षक, बेमेतरा को सूचनार्थ प्रेषित। वे कृपया सभी अधीनस्थ अधिकारियों तथा थाना/चौकी प्रभारियों को अपने स्तर से अवगत कराने का कष्ट करें। साथ ही उन्हें यह भी आदेशित करें कि वे इस आदेश की तामिली मुनादी द्वारा सभी ग्रामों में करवायें तथा पालन प्रतिवेदन आपके माध्यम से इस कार्यालय को भेजे।
4. सर्व अनुविभागीय दण्डाधिकारी, .................. जिला बेमेतरा की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
5. जिला शिक्षा अधिकारी, बेमेतरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. सर्व थाना/चौकी प्रभारी जिला बेमेतरा की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
7. उप संचालक, जनसंपर्क जिला बेमेतरा को समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ अग्रेषित।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी
बेमेतरा (छ.ग.)

## एक नजर

### प्राकृतिक आपदा में जनहानि के तीन मामलों में प्रभावित परिजन हेतु 12 लाख की राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के तीन मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी, 6.4 के तहत 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें दुलदुला तहसील अंतर्गत ग्राम धुरियाअम्बा निवासी कन्हैया साय का मधुमक्खी के काटने से 01 अक्टूबर 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी सुभागनी बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार ग्राम ढोलडांड़ निवासी सेवाती बाई का सर्पदंश से 12 जुलाई 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका के निकटतम् वारिस मृतिका के पिता डोमरा राम एवं करडेगा निवासी गिरदमुनी राम का तालाब के पानी में डुबने से 08 अक्टूबर 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के तीन पुत्र जीवन संदिल, कमलेश्वर राम संदिल्या और शिवकुमार संदिल्या हेतु 4.4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### पीसीपी एनडीटी एक्ट अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक 27 फरवरी को आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा पीसीपीएनडीटी एक्ट अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक 27 फरवरी 2024 को सायं 5 बजे कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जशपुर के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। पीसीपीएनडीटी एक्ट अंतर्गत गठित समिति में जशपुर जिले के पीसीपीएनडीटी नोडल अधिकारी डॉ.अनुभा ज्योत्सना लकड़ा, जिला चिकित्सालय जशपुर के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.ममता साय, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ.एफ खाखा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरव सिंह, जिला अभियोजन अधिकारी विपिन कुमार, जिला न्यायालय जशपुर के शासकीय अभिभाषक चन्द्रमोहन प्रसाद सिंह, जिला जन सम्पर्क अधिकारी अजीत एक्का, सामाजिक कार्यकर्ता में भागलपुर के रजनी प्रधान,माजिक कार्यकर्ता, गढ़ाटोली के कृपा शंकर भगत और बांकीटोली के वासुदेव राम यादव सलाहकार समिति के सदस्यों के रूप में शामिल हैं। बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है।

## भारतीय सेना में भर्ती के इच्छुक अभ्यर्थी 22 मार्च तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

जिला रोजगार अधिकारी के जानकारी अनुसार अग्निवीरों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की जा चुकी है जो भरतीय सेना की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमैन 8 वीं एवं 10 वीं पास, महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी और हवलदार एसएसी के पदों के लिए जारी की गई है। सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 13 फरवरी से 22 मार्च 2024 तक खुली रहेगी। अग्निवीर क्लर्क के पद का नाम परिवर्तित किया गया है, अब उसे अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट कहा जाएगा। अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन परीक्षा कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन के समय टाइपिंग टेस्ट भी देना होगा। ऑनलाइन परीक्षा कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन 22 अप्रैल 2024 के बाद होने की संभावना है। इस साल बस्तर संभाग के लिए जगदलपुर में ऑनलाइन परीक्षा कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन केन्द्र स्थापित किया जा रहा है। किसी भी अन्य जानकारी और समस्या के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771.2965212 / 0771.2965213 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## पुलिस आरक्षक भर्ती में 6 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़ व्दारा जिला पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग के सीधी भर्ती के 5967 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु वेबसाईट सीजीपुलिस डॉट जीओवी डॉट इनद्ध पर ऑनलाईन आवेदन पत्र 1 जनवरी 2024 से प्रारंभ हो चुका है, जिसका ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 15 फरवरी 2024 को बढ़ाकर 06 मार्च 2024 बुधवार, के रात्रि 11:59 बजे तक किया गया हैद। जिला पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग की भर्ती में पुरुष अभ्यर्थी हेतु निर्धारित अधिकतम आयु सीमा के अतिरिक्त एक बार के लिये 05 वर्ष की और छूट प्रदान किया है। युवाओं को उम्र में 5 साल का छूट छत्तीसगढ़ शासन, गृह पुलिस विभाग व्दारा पत्र क्रमांक एफ 2.48/2022 रापुसे/गृह.दो, 19 जनवरी 2024 के पत्र से दिया गया है। उल्लेखनीय है कि किसी भी भर्ती में पदो की संख्या में कमी और बढ़ोतरी का नियम होता है। इसलिए एसटीए एससी और ओबीसी वर्ग के युवा अपने पसंद के जिले में अनारक्षित पद के साथ साथ अपने आरक्षित वर्ग में पद रिक्त होने पर भी दूसरा आवेदन करें। इसके लिए दूसरे मोबाइल नम्बर की जरूरत पड़े तो परिवार के किसी रिश्तेदार का उपयोग करे। सामान्य तौर पर किसी भी भर्ती में पदो की स्वीकृति होने पर संशोधित विज्ञापन की संभावना होती है।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम जनता की समस्याएं

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा।





कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में बोरिंग खनन, सड़क डामरीकरण निर्माण, निर्वाचन बूथ विभाजन,नामांतरण, बटांकन, सीमाकन सहित अन्य मामलों से संबंधित आवेदन लेकर आए थे।

सफलता की कहानी

## प्रधानमंत्री आवास ने रंजीत मिंज के सपनों को किया साकार

*सांप, बिच्छू, कीड़े-मकोड़े के भय से जीवन हुआ सुखमय, मकान पक्का बनने से मिल रहा अनेक लाभ*

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

प्रधानमंत्री आवास ने रंजीत मिंज के सपने साकार किया है। जिले के कुनकुरी विकासखंड के ग्राम पंचायत खारीझरिया निवासी रंजीत मिंज को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पक्के आवास में रहने का मौका मिला।

रंजीत रोजी-मजदूरी कर अपना जीवन.यापन करता है। कभी सोचा ही नहीं था कि उसका भी कभी पक्का आवास होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना की बदौलत रंजीत मिंज अपने पक्के मकान में रहकर सुरक्षित व आरामदेह जीवन जी रहा है। ग्राम पंचायत खारीझरिया के रंजीत मिंज का 2018-19 में आवास स्वीकृत किया गया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत पक्का बनने के बाद लोगों को बहुत से लाभ मिल रहे हैं। हितग्राहियों को पक्के आवास को बार-बार मरम्मत करने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है जिससे उनका बचत होने लगी। सांप, बिच्छू, कीड़े-मकोड़े का भय दूर हुआ। पक्का मकान आने वाली पीढ़ि के लिए स्थायी संपत्ति बन गई। उज्जवला योजना के तहत रसोई गैस भी मिल गई है। इन्हें कच्चे चूल्हे में लकड़ियों से निकलने वाले धुए से मुक्ति मिली है। पूरे परिवार का स्वास्थ्य अब बेहतर हुआ है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय भी बना हुआ है,जिससे इनके परिवार को बाहर जाने की भी आवश्यकता नहीं है। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सरपंच-सचिव के सहयोग से सामग्री भण्डारण में काफी सुविधा हुई। पक्के आवास का मिलना रंजीत मिंज के सपने साकार हुए नये आवास में उन्हें सुकून और सुरक्षा की छत दिलाई। रंजीत ने पक्के आवास के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया है।



## रणबीर कपूर ने भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर के लिए रखीं तीन शर्तें



लव एंड वॉर साइन करने से पहले रणबीर कपूर ने संजय लीला भंसाली के सामने रखी थीं ये तीन शर्तें, पत्नी आलिया के साथ करेंगे रोमांस रणबीर कपूर इन दिनों अपनी फिल्म एनिमल की सक्सेस एंजॉय कर रहे हैं. इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की है और अब ओटीटी पर भी धमाल मचा रही है. रणबीर ने अपनी डेब्यू फिल्म सावरिया में संजय लीला भंसाली के साथ काम किया था और अब 17 साल बाद फिर वो उनके साथ काम करने जा रहे हैं. संजय लीला भंसाली ने हाल ही में अपनी फिल्म लव एंड वॉर की अनाउंसमेंट की है. इस फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल लीड रोल में नजर आने वाले हैं. रणबीर संजय लीला भंसाली के साथ दूसरी बार काम करने जा रहे हैं और उन्होंने इस बार पहले से अपनी शर्तें उन्हें बता दी हैं.



## काजल अग्रवाल ने दिखाया कर्वी फिगर, स्टाइलिश अंदाज पर फिदा हुए फैंस

साउथ फिल्मों से लेकर बॉलीवुड में अपनी अदाकारी का जादू चलाने वाली एक्ट्रेस काजल अग्रवाल अक्सर ही अपने प्रोजेक्ट्स के कारण चर्चा में रहती हैं. फैंस उन्हें हर अंदाज में देखने के लिए बेताब रहते हैं. वहीं, काजल अपने चाहने वालों के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहने की कोशिश करती हैं. ऐसे में एक्ट्रेस लगातार फैंस के साथ अपने नए लुक्स शेयर करती रहती हैं. अब फिर से काजल ने अपनी ग्लैमरस अदाएं दिखाई हैं.

काजल ने कुछ देर पहले ही अपने नए फोटोशूट की झलक दिखाई है. लेटेस्ट लुक में उन्हें ब्लैक बॉडीफिट ड्रेस पहने हुए देखा जा रहा है. एक्ट्रेस ने अपने इस लुक को मिनिमल मेकअप से कंप्लीट किया है.

इसके साथ काजल ने सटल शाइनी बेस, न्यूड शिमर लिप्स और स्मोकी आई मेकअप किया है. वहीं, हेयर स्टाइल के लिए उन्होंने बालों को सॉफ्ट कर्ल्स के साथ ओपन रखा हुआ है. काजल हमेशा की तरह इस लुक में भी बेहद खूबसूरत दिख रही हैं. उन्हें देखकर यकीन ही नहीं किया जा सकता कि वह एक बच्चे की मां हैं. काजल अग्रवाल ने फिर से खुद को काफी फिट कर लिया है. एक्ट्रेस ने इस स्टाइलिश लुक में अपना कर्वी फिगर दिखाते हुए फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है. दूसरी ओर काजल के वर्क फ्रंट की बात करें तो इस समय उनके पास कई प्रोजेक्ट्स पाइपलाइन में है. जल्द ही एक्ट्रेस इंडियन 2 में नजर आने वाली हैं. इसके बाद उन्हें ऊमा और सत्यभामा टाइटल से बन रही फिल्मों में भी देखा जाना वाला है.

## रायसिंघानी बनाम रायसिंघानी में अपने किरदार के लिए लॉ पढ़ रही हैं रीम शेख

लीगल ड्रामा शो रायसिंघानी बनाम रायसिंघानी में काम करने वाली अभिनेत्री रीम शेख ने कहा कि उन्होंने शो में अपने रोल की बारीकियों को समझने के लिए एक बार फिर पढ़ाई शुरू कर दी है। रीम शेख ने शो में अंकिता का किरदार निभाया है। इसमें उनके दृढ़ संकल्प और महत्वाकांक्षा को दिखाया गया है। वह रायसिंघानी लीगल में काम करने के लिए प्रयास कर रही है, और वह वकील बनना चाहती है।

भूमिका की तैयारियों के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, जब इस शो का अवसर मेरे पास आया तो मैंने तुरंत इसके लिए हां बोल दिया, क्योंकि मैं अदालत कक्ष में बहस, सत्र, न्याय और बहुत कुछ करने के लिए बेताब हो गई।

शो में अपने किरदार की तैयारियों को लेकर मैंने कानून की पढ़ाई की, इसके लिए मैंने लॉ की पढ़ाई कर रहे अपने दोस्तों से किताबें ली। मैं इस लीगल ड्रामा को लिखने वाले लेखकों के प्रति आभारी हूं।

फना: इश्क में मरजावां में अपने काम के लिए मशहूर एक्ट्रेस ने अपने किरदार की गहराई के बारे में कहा, हालांकि मैं सच में कोर्ट रूम नहीं जा रही हूं, पर इस शो ने मुझे स्क्रीन पर ऐसा करने का मौका दिया है।

शो में जेनिफर विंगेट, करण वाही और रीम शेख मुख्य भूमिका में हैं। यह शो सोनी लिव पर प्रसारित होता है।



## कार्तिक आर्यन के साथ भूल भुलैया 3 में तृप्ति डिमरी करेंगी रोमांस, कियारा आडवाणी को किया रिप्लेस




बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन ने हाल ही में अपनी आने वाली फिल्म भूल भुलैया 3 की रिलीज डेट अनाउंस की थीं. साथ ही फिल्म में विद्या बालन की एंट्री मंजोलिका के रूप में एक बार फिर कंफर्म हुई. अब कार्तिक ने फिल्म की लीड एक्ट्रेस को भी कंफर्म कर दिया है.कार्तिक आर्यन ने 21 फरवरी यानी आज पहले दो पजल फोटो शेयर करते हुए कहा कि भूल भुलैया 3 की लीड एक्ट्रेस की पहेली सुलझाओ. कार्तिक ने एक नहीं बल्कि दो पजल फोटो शेयर की है और कहा है कि गलत जवाब ही देना. अब फैंस लग गए हैं फिल्म की लीड एक्ट्रेस को ढूंढने में, जिसमें से ज्यादातर लीड एक्ट्रेस का नाम तृप्ति डिमरी बता रहे थे. फिर आखिर में कार्तिक ने इस पहेली को सॉल्व कर दिया और तृप्ति के नाम पर मुहर लगा दी. फिल्म भूल भुलैया 3 हॉरर-कॉमेडी और रोमांस से भरपूर फिल्म होगी. इसके पहले फिल्म भूल भुलैया 2 साल 2022 में आई जो सुपरहिट रही. इस फिल्म में कियारा आडवाणी लीड रोल में थीं. इसके पहले साल 2007 में इसका पहला पार्ट आया था.

## बॉक्स ऑफिस पर यामी गौतम की आर्टिकल 370 ने की अच्छी शुरुआत, क्रैक ने नहीं किया कमाल



हर शुक्रवार कोई न कोई नई फिल्म सिनेमाघरों का रुख करती है। बीते शुक्रवार यानी 23 फरवरी को एकसाथ 2 फिल्मों ने सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाया।जहां यामी गौतम फिल्म आर्टिकल 370 लेकर दर्शकों के बीच हाजिर हुईं, वहीं विद्युत जामवाल फिल्म क्रैक लेकर पहुंचे।इन दोनों फिल्मों के पहले दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं।आइए जानते हैं पहले दिन बॉक्स ऑफिस की इस जंग में कौन आगे निकला।

रिपोर्ट के मुताबिक, आर्टिकल 370 ने पहले दिन अच्छी शुरुआत की। इसने 5.75 करोड़ रुपये के साथ अपना खाता खोला। हालांकि, ये शुरुआती आंकड़े हैं। बाद में इनमें थोड़ा फेरबदल भी देखने को मिल सकता है।उधर फिल्म क्रैक ने पहले दिन 4 करोड़ रुपये का कारोबार किया। फिल्म का बजट 70 करोड़ रुपये के आसपास है।

## शिवकार्तिकेयन की एसके 21 के शीर्षक से उठा पर्दा, फिल्म अमरन का पहला टीज़र जारी



सुपरस्टार कमल हासन ने शिवकार्तिकेयन की आने वाली फिल्म अमरन का टीजर जारी किया है। फिल्म को पहले एसके 21 के नाम से जाना जाता था, लेकिन अब इसके शीर्षक का खुलासा हो चुका है। अमरन में शिवकार्तिकेयन के साथ साई पल्लवी, भुवन अरोड़ा, राहुल बोस, लल्लू, अजय नागा और अन्य कई सितारे भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म का टीजर कमल हासन ने शिवकार्तिकेयन के जन्मदिन से एक दिन पहले जारी किया है, जिससे फैंस भी उत्साहित हो गए हैं। साई पल्लवी ने भी इस बारे में एक नोट साझा किया और अपने सह-अभिनेता को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

कमल हासन राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल के बैनर तले फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। कमल हासन ने अपने एक्स हैंडल पर अमरन का टीजर साझा किया। कैप्शन में उन्होंने लिखा, जन्मदिन मुबारक हो प्रिय भाई शिवकार्तिकेयन, मैं आपकी लंबी उम्र की कामना करता हूं। अमरन फिल्म का शीर्षक टीजर जारी करते हुए खुशी हो रही है।

इसके साथ साई पल्लवी ने भी सोशल मीडिया पर एक नोट साझा किया। उन्होंने लिखा, जन्मदिन मुबारक हो प्रिय शिवकार्तिकेयन, मैं बहुत खुश हूं कि दुनिया आपको मेजर मुकुंद वरदराजन के रूप में देखती है और आपको उनके प्रति अपना सारा प्यार और सम्मान देती है। कलाकार होने के नाते हम जानते हैं कि हम करियर बदलने वाली ऐसी फिल्मों के लिए कितने उत्सुक हैं। मुझे खुशी है कि ऐसा तब हो रहा है, जब हम राजकुमार केपी सर की फिल्म में साथ काम कर रहे हैं।

# खेल




## मुंबई इंडियंस की लगातार दूसरी जीत

*WPL-2 के टॉप पर आए डिफेंडिंग चैंपियन; गुजरात को 5 विकेट से हराया; अमेलिया केर को 4 विकेट*

**बेंगलुरु।** डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस ने विमेंस प्रीमियर लीग सीजन-2 में लगातार दूसरी जीत हासिल की है। रविवार को मुंबई ने गुजरात जायंट्स को 5 विकेट से हराया। इस जीत के बाद मुंबई की टीम पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है। टीम के पास 2 मैच के बाद 4 अंक हैं। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात जायंट्स ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 126 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 127 रन का टारगेट 18.1 ओवर में बिना किसी नुकसान के हासिल कर लिया है।

कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 41 बॉल पर नाबाद 46 रन की पारी खेली। अमेलिया केर ने 31 रन का योगदान दिया। उन्होंने 4 विकेट भी हासिल किए।

### 21 रन पर गंवा दिए थे ओपनर्स के विकेट

127 रन का टारगेट चेज करने उतरी मुंबई इंडियंस की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 21 रन पर ओपनर्स के विकेट गंवा दिए थे। यास्तिका भाटिया और हेली मैथ्यूज 7-7 रन बनाकर आउट हुई। यहां से नेटली सीवर ब्रंट और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपनी टीम को रन चेज में बनाए रखा। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 24 बॉल पर 28 रन जोड़े। फिर कौर ने अमेलिया केर के साथ चौथे विकेट के लिए 50 बॉल पर 66 रन की पार्टनरशिप की।




### तनुजा टॉप स्कोरर, कप्तान मूनी ने बनाए 24 रन

टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी गुजरात की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 3 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवाया। यहां ओपनर वेदा कृष्णमूर्ती बिना खाता खोले पवेलियन लौट गई। हरलीन देओल (8 रन), फीब लिचफील्ड (7 रन) और दयानंद हेमलता (3 रन) भी बड़ी पारी नहीं खेल सकीं।

ऐसे में मिडिल ऑर्डर में खेलने उतरीं कैथरीन ब्राइस ने नाबाद 25 और तनुजा कंवर ने 28 रन बनाए। तनुजा टीम की टॉप स्कोरर रहीं।

### केर और इस्माइल की सटीक गेंदबाजी

मुंबई की ओर से अमेलिया केर और शबनिम इस्माइल ने सटीक गेंदबाजी की। केर ने अपने कोटे के चार ओवर में 17 रन देकर 4 विकेट लिए, जबकि इस्माइल ने 18 रन खर्च करके 3 विकेट चटकाए। एक-एक विकेट नेटली सीवर ब्रंट और हेली मैथ्यूज को मिला।

## बिगरॉक मोटरस्पोर्ट्स ने जीता ISRL सीजन-1

तीनों कैटेगरी में होम टीम बेंगलुरु के राइडर बने चैंपियन; इंडियन बाइकर्स में रुग्वेद नंबर-1

**बेंगलुरु।** बिगरॉक मोटरस्पोर्ट्स टीम ने इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग के सीजन-1 का खिताब जीत लिया है। बेंगलुरु में रविवार को हुए फाइनल राउंड में टीम के राइडर्स ने तीनों ही कैटेगरी में बाजी मारी। भारतीयों में स्त्र स्पीड रेसर्स टीम के रुग्वेद बारगुजे ने इंजरी के बावजूद रेस की और इंडियन रेसर में टॉप पर फिनिश किया। हालांकि उनकी टीम खिताब से बहुत दूर रही।




### बेंगलुरु राउंड में बिगरॉक ने दिखाया दबदबा

ISRL का सीजन-1 पुणे में 28 जनवरी को शुरू हुआ। दूसरा राउंड 11 फरवरी को अहमदाबाद और तीसरा राउंड 25 फरवरी को बेंगलुरु में खेला गया। यहां होम टीम बिगरॉक मोटरस्पोर्ट्स ने तीनों कैटेगरी की रेस जीती। तीनों राउंड के पॉइंट्स मिलाकर फाइनल पॉइंट्स मिले और उसी से विजेता का फैसला हुआ।

*450CC इंटरनेशनल कैटेगरी में ऑस्ट्रेलिया के मैट मॉस ने सीजन खिताब जीता। उन्हें फ्रांस के थॉमस रेमेट और जॉर्डी टिक्सियर से कॉम्पिटिशन मिला लेकिन उन्होंने आखिर में बाजी मार ली।*

*250CC इंटरनेशनल कैटेगरी में ऑस्ट्रेलिया के ही रीड टेलर चैंपियन रहे। उन्हें फ्रांस के ह्यूगो मान्जाटो से चैलेंज मिला लेकिन शुरुआती 2 राउंड के पॉइंट्स के आधार पर टेलर चैंपियन बने।*

*250CC इंडिया-एशिया मिक्स कैटेगरी में थाईलैंड के थानारात पेंजन चैंपियन बने। दूसरे राउंड तक वह दूसरे नंबर पर थे लेकिन बेंगलुरु राउंड में उन्होंने 2 बार नंबर-2 की पोजिशन पर फिनिश किया। जबकि दूसरे राउंड तक टॉप पर रहे बेन हालग्रेन एक रेस में तीसरे नंबर पर रह गए। इसी कारण वह चैंपियन नहीं बन सके।*

## पैरा वर्ल्ड बैडमिंटन में भारत को तीन गोल्डः यतिराज, प्रमोद और कृष्णा ने खिताब जीता

3 सिल्वर भी इंडिया के नाम

थाईलैंड में खेले जा रहे पैरा वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत को तीन गोल्ड मिले। इसके अलावा तीन सिल्वर मेडल भी भारतीय खिलाड़ियों ने अपने नाम किए। सुहास यतिराज, प्रमोद भगत और कृष्णा नागर ने मेंस सिंगल्स की अपनी-अपनी कैटेगरी में गोल्ड जीता। वहीं, मनीषा रामदास ने विमेंस सिंगल्स की अपनी कैटेगरी में सिल्वर जीता। दो सिल्वर डबल्स मुकाबलों में मिले। टोक्यो पैरालिंपिक के सिल्वर मेडलिस्ट और वर्ल्ड रैंकिंग के तीसरे नंबर के खिलाड़ी सुहास यतिराज ने मेंस एसएल-4 कैटेगरी के फाइनल में इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान को 21-18, 21-18 से हराकर अपना पहला वर्ल्ड खिताब जीता।



टोक्यो पैरालंपिक के गोल्ड मेडल विजेता प्रमोद भगत ने मेंस के एसल-3 कैटेगरी के फाइनल में इंग्लैंड के डैनियल बेथेल को 14-21, 21-15, 21-14 से हरा कर अपना तीसरा खिताब जीता।

इससे पहले प्रमोद 2015 और 2019 में वर्ल्ड चैंपियनशिप जीत चुके हैं। भारत को तीसरा गोल्ज कृष्णा नागर ने दिलाया। उन्होंने एसएच-6 कैटगिरी के फाइनल में चीन के लिन नेली को 22-20, 22-20 से हराया।

### प्रमोद भगत ने की लिन डैन के रिकॉर्ड की बराबरी

इस जीत ने प्रमोद के लिए कई रिकॉर्ड तोड़ दिए, न केवल उन्हें BWF पैरा बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप में लगातार 3 गोल्ड जीतने वाले पहले पैरा-एथलीट बना दिया, बल्कि लिन डैन के 5 वर्ल्ड चैंपियनशिप के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। भगत ने 2009, 2015, 2019, 2022 और 2024 में गोल्ड मेडल जीता है।

## एक नजर

## ऑस्ट्रेलिया ने 27 रन से जीता तीसरा टी-20

न्यूजीलैंड पर 3 मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप किया; मैथ्यू शॉर्ट का दोहरा प्रदर्शन




मैथ्यू शॉर्ट के दोहरे प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया 3 मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में न्यूजीलैंड को बारिश से प्रभावित मैच में 27 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही कंगारू टीम ने सीरीज में कीवियों के खिलाफ उन्हीं के घर में क्लीन स्वीप किया है। ऑकलैंड में रविवार को न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 118 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड ने 10 ओवर में 3 विकेट पर 126 रन बनाए थे, तभी बारिश आ गई। ऐसे में DLS मैथड के तहत ऑस्ट्रेलिया को 27 रन से विजेता घोषित किया गया। मैथ्यू शॉर्ट को 27 रन और एक विकेट के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### ट्रेविस हेड ने बनाए सबसे ज्यादा रन

ऑस्ट्रेलिया की ओर से ट्रेविस हेड ने सबसे ज्यादा 30 गेंदों पर 33 रन बनाए। उन्होंने 5 चौका और एक छक्का जड़ा। वहीं, मैट शॉट ने 27 तो ग्लेन मैक्सवेल ने 20 रन की तूफानी पारी खेली। कीवी टीम की तरफ से एडम मिल्ने, बेन सियर्स, मिचेल सैंटनर और जोश क्लार्कसन को 1-1 विकेट मिला।

## रविचंद्रन अश्विन भारत में सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बने

अनिल कुंबले को पीछे छोड़ा

**रांची** । भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने कीर्तिमान स्थापित किया है।इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज के चौथे रांची टेस्ट के दौरान अश्विन ने भारतीय सरजमीं पर 350 विकेट का आंकड़ा पार किया।इसके अलावा वह भारत की धरती पर सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं।उन्होंने इंग्लैंड की दूसरी पारी में बेन डकेट (15) और ओली पोप (0) को लगातार 2 गेंदों पर आउट किया। अश्विन ने इंग्लैंड की दूसरी पारी में अपना पहला विकेट लेते ही भारत में अपने 350 टेस्ट विकेट पूरे किए। उनके फिलहाल 351 विकेट हो गए हैं।वह अनिल कुंबले के बाद ये आंकड़ा छूने वाले सिर्फ दूसरे गेंदबाज बने। कुंबले ने भारत में खेलते हुए 63 टेस्ट में 24.88 की औसत के साथ 350 विकेट लिए थे।



# बलौदाबाजार जिले के विभागों का जेबी वीटो बनकर रह गया लोक सेवा गारंटी अधिनियम

## लोक सेवा गारंटी अधिनियम को हो रहा है उल्लंघन

जोहार छत्तीसगढ़ – बलौदाबाजार।

यह ऐतिहासिक अधिनियम अच्छे सुशासन को प्राप्त करने के लिए राज्य की प्रतिबद्धता का एक प्रतिबिंब है छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 नागरिकों को निर्धारित समय के भीतर बुनियादी सार्वजनिक सेवाओं के प्रदान की गारंटी देता है और ऐसा करने में विफलता के लिए जवाबदेही तंत्र की योजना करता है। इस अधिनियम के तहत जाति, आय, निवास, जन्म, मृत्यु , विवाह प्रमाण-पत्र जारी करना, भू-अभिलेखों की प्रतियाँ, खसरा नक्शा, जैसी 561 महत्वपूर्ण सार्वजनिक सेवाओं को अधिसूचित किया गया है।

लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2011% देश में पहली बार, अपनी खास तरह का अधिनियम है, जो निर्धारित समय सीमा में नागरिकों को सार्वजनिक सेवाओं के प्रदान की गारंटी देता है। यह 卐ऐतिहासिक अधिनियम卐 अच्छे शासन को प्राप्त करने के लिए राज्य की प्रतिबद्धता का एक प्रतिबिंब है।

### *आम जनता को सुविधा*

अधिनियम के तहत रोज के कामों के लिये अधिसूचित सेवाएं नियत समय में मिलेगी। तय समय सीमा में काम न होने पर इसमें जुर्माने का प्रावधान भी है, जिसमें लोक सेवकों की जवाबदेही होगी। इस कानून में लोक सेवाओं के प्रदाय की मानीटरिंग का भी प्रावधान है। आम




नागरिकों में संतोष और सरकारी व्यववस्थाक के प्रति विश्वास पैदा करना। सुशासन स्थापित करने के लिये शासन की यह क्रांतिकारी पहल राज्य शासन की जन प्रतिबद्धता को प्रमाणित करती है।

### *लोक सेवाएँ प्रदान करने की गारंटी के लिये विशेष कानून*

छत्तीसगढ़ लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2011 के लागू होने से अधिसूचित सेवाओं की समय सीमा में प्राप्ति सुनिश्चित होगी। अब सेवा की प्राप्ति आमजन का अधिकार है। इस महत्व पूर्ण कानून ने अब लोक सेवाओं को प्राप्त करने के लिये आमजन के याचना भाव को शक्ति में बदल दिया है। इस अधिनियम में सेवा प्रदान करने में लापरवाही बरतने वालों के लिये शास्ति (धारा 7) का प्रावधान भी है सूचना प्राप्त करने के हक की तरह अब अधिसूचित सेवाएँ प्राप्त करना भी आम जनता का हक बन गया है।

### *सेवा नहीं देने पर जुर्माना*

हर सेवा की डिलीवरी के लिए एक समय अवधि तय की गई है। जो अधिकारी अपने कर्त्तव्यों का पालन करने में विफल रहता है और सेवाओं को समय पर प्रदान नहीं करता हैं, उसे प्रति दिन 100 रुपये से लेकर अधिकतम 1000 हजार रुपये तक की रकम का भुगतान जुर्माने के रूप में करना पडता है।

### *अपील का अधिकार*

यह अधिनियम दो चरण की अपील प्रक्रिया प्रदान करता है। जब नागरिक को समय पर अधिसूचित सेवा प्राप्त नहीं होती तब वह प्रथम अपीलीय प्राधिकारी के पास अपील कर सकते हैं। यदि प्रथम अपीलीय प्राधिकारी के निर्णय से नागिरक असंतुष्ट है तो वह दूसरे अपील प्राधिकारी के पास अपील दायर कर सकते हैं। ऐसे अधिकारियों के खिलाफ दूसरे अपीलीय प्राधिकारी को जुर्माना लगाने के और अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश देने की शक्ति होती है। जहां अधिकारी पर जुर्माना लगाया जाता है वहीं आवेदकों को असुविधा झेलने के कारण मुआवजे का भुगतान किया जाता हैं। यह अनोखा कानून सिटीजन चार्टर के उद्देश्यों को साकार करने के लिए एक प्रभावी साधन प्रदान करता है।

### गारंटी किसी काम की नहीं* *अधिनियम बनाकर भूल गए अफसर*

लोक सेवा में बलौदाबाजार समेत राज्यभर में लाखो से ज्यादा आवेदन और शिकायतें मिल चुकी हैं, लेकिन सभी अफसरों के टेबलों में धूल खा रही है। इनके तय समय में निराकरण के लिए 11025 लोक सेवा गांरटी केंद्र खोले गए थे, इनमें से आधे से ज्यादा में कोई कामकाज नहीं हो रहा है। अधिनियम के तहत न तो कोई कार्रवाई और न ही लोगों के काम किए जाते हैं। इस वजह से परेशान होकर लोगों ने अब शिकायत करना ही कम कर दिया है। अधिनियम के तहत काम नहीं करने वाले अफसरों पर 100 से 1000 रुपए जुर्माना का प्रावधान है। शहर में एक भी कर्मचारी-अफसर पर इसे लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

सरकारी कामकाज से जुड़ी जानकारी और सुविधाएं लोगों को तय समय के अंदर मिल पाए, इसलिए शासन की तरफ से 13साल पहले लोक सेवा गारंटी अधिनियम लागू किया गया था। लेकिन हकीकत में इस लोक सेवा की गारंटी ऐसी है कि हज़ार से ज्यादा शिकायतें पेंडिंग पड़ी हुई हैं। अधिनियम में हर शासकीय विभाग से जुड़े अलग-अलग काम के पूरा होने के लिए अलग-अलग दिन तय किए गए हैं। हालात यह हैं कि अब तक बलौदाबाजार भाटापारा जिले में किसी भी अधिकारी- कर्मचारी के खिलाफ इसे लेकर न तो कोई कार्रवाई हुई है न ही जुर्माना। समय पर काम नहीं होने से बढ़ी शिकायतें तो दिन बढ़ा 2011 के अधिनियम में सभी विभागों के लिए दिन दिन तिथि का समय तय किया गया था। लेकिन कहीं भी इसका पालन नहीं हुआ और शिकायतें बढ़ने लगी। इसके बाद 25 मई 2016 को पुराने अधिनियम में संशोधन कर समय सीमा 30 दिन से बढ़ाकर 3 महीने कर दिया।

### *हर दफ्तर में जानकारी के लिए लगाना था बोर्ड**

*लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत काम होने की जानकारी देने के लिए कलेक्टोरेट, तहसील, निगम, जिला अस्पताल, पुलिस थानों समेत सभी दफ्तरों में मिलने वाली सुविधाएं और तय समय सीमा को लेकर सूचना बोर्ड भी लगाने थे, लेकिन अब यह बोर्ड भी कई जगहों से दिखाई पड़ता हैं तो कई जगहों पर इनका नामो निशान तक नहीं है । इन दफ्तरों में आने वाले लोगों को बोर्ड न लगने से पता ही नहीं चलता कि इस तरह का कोई अधिनियम भी है। जो हम आमजन के लिए होता है*

## एक नजर

### स्थाई लोक अदालत, जनोंपयोगी सेवा में अन्य व्यक्ति, सदस्यों की नियुक्ति हेतु 20 मार्च तक मंगाये गये आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 की धारा 22 बी के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुख्यालय बस्तर (जगदलपुर), बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग एवं अंबिकापुर सरगुजा में स्थापित स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवा) में अन्य व्यक्तियों (सदस्यों) के नियुक्ति के लिये रिक्त पदों पर अर्हता प्राप्त व्यक्तियों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र 20 मार्च 2024 के शाम 5 बजे तक आमंत्रित किये गए है। विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन पत्र का प्रारूप छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के वेबसाईट www.cgslsa.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। अथवा छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर या संबंधित जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों से प्राप्त किया जा सकता है।

आवेदन पत्र निर्धारित तिथि तक छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पुराना छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय भवन, बिलासपुर छ.ग. में रजिस्टर्ड डाक द्वारा अथवा कार्यालयीन अवधि में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है।

### आंगनबाड़ी में रिक्त सहायिका पद की अनंतिम सूची जारी

7 मार्च तक कर सकते दावा-आपत्ति

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण)अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र बरलिया एवं आंगनबाड़ी केन्द्र देवरी क्र.1 में आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन मंगाये गये थे। प्राप्त आवेदनों का जांच समिति द्वारा परीक्षण पश्चात प्राविधिक/अनंतिम सूची जारी की गई है। अनंतिम सूची कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी आवेदिका को कोई आपत्ति हो तो वे 7 मार्च 2024 सायं 5.30 बजे तक लिखित में परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण)में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति मान्य नहीं किया जाएगा।

### अनुज्ञप्ति, पंजीयन की जानकारी हेतु रायगढ़ एवं तमनार में लगेगा कैम्प

28 फरवरी को रायगढ़ एवं 29 फरवरी को कैम्प लगेगा तमनार में

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला-रायगढ़ द्वारा समस्त खाद्य थोक, फुटकर, वितरक, विनिर्माता, ठेलों, गुमटी इत्यादि खाद्य कारोबार कर्ताओं के खाद्य पंजीयन/अनुज्ञप्ति की अनिवार्यता को दृष्टिगत रखते हुये रायगढ़ जिला में 28 फरवरी 2024 को कार्यालय उप संचालक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, भगवानपुर जिन्दल रोड, रायगढ़ में सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक एक दिवसीय कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह तमनार ब्लाक में 29 फरवरी 2024 को स्थान-पटनायक रेस्टोरेंन्ट के ऊपर, तमनार, जिला-रायगढ़ में समय सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक एक दिवसीय कैम्प का आयोजन किया जाएगा। उक्त कैम्प का उद्देश्य ऐसे समस्त छोटे/बड़े खाद्य कारोबारी जो पर्याप्त जानकारी के अभाव में खाद्य अनुज्ञप्ति/पंजीयन हेतु ऑनलाईन आवेदन करने में असमर्थ हैं उनको कैम्प की सहायता से अनुज्ञप्ति/पंजीयन बनवाने में पूरी सहायता की जाएगी। इसके लिए पहचान पत्र की छायाप्रति, पासपोर्ट साईज की 01 फोटो एवं फर्म का एड्रेस फ्रूफ आवश्यक है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ दो दिवसीय पाली महोत्सव का होगा आयोजन

कार्य म में प्रस्तुति देने हेतु जिले के कलाकारों से किए गए आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

जिले के प्रतिष्ठित/ख्याति प्राप्त सांस्कृतिक कलाकार जो देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी गीत,लोक नृत्य, नृत्य नाटिका, शास्त्रीय संगीत एवं गायन के अंतर्गत अपनी प्रस्तुति दे सकते हो, ऐसे कलाकारों से आगामी पाली महोत्सव कार्यक्रम में भाग लेने हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। गौरतलब है कि जिले में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दो दिवसीय पाली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन 07 से 08 मार्च तक किया जाएगा। जिसमें स्थानीय संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ देश की विभिन्न संस्कृतियों से परिचय कराने तथा पर्यटन की संभावनाओं के विकास तथा प्रचार-प्रसार हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सहायक आयुक्त ने बताया कि उक्त कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु 01 मार्च 2024 शाम 04 बजे तक आदिवासी विकास विभाग कार्यालय में आवेदन जमा किया जा सकता है।

## यातायात नियम का उल्लघंन करने वाले 8 वाहनों के ऊपर यातायात पुलिस ने चलानी कार्यवाही की

जोहार छत्तीसगढ़ – बेमेतरा।





बेमेतरा जिला के यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा का अभियान चलाया जा रहा है जिसमें बेमेतरा यातायात पुलिस प्रभारी सहित उनके पूरी टीम मौजूद होकर थाना कोतवाली के सामने यातायात नियम का उल्लघन करने वाले एक बाइक एवं 7 बड़ी वाहन के विरुद्ध चलानी कार्यवाही कर समझाईस दी।


महतारी वंदन योजना

## जिले में कुल 2 लाख 33 हजार 238 आवेदन हुए प्राप्त

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना के लिए आवेदन पंजीयन की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 तक निर्धारित की गई थी। 5 फरवरी 2024 को शुरू हुई आवेदन प्रकिया कुल 15 दिनों तक चली। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना लागू की गई है। इस योजना से लाभान्वित करने के लिए पात्र महिलाओं से फॉर्म भरवाए गए। जिसके लिए जिले भर में पंचायत और आंगनबाड़ी स्तर पर फॉर्म भरवाने के लिए शिविरों का आयोजन किया गया। जहां महिलाओं की प्रतिदिन भारी भीड़ देखने को मिली। महिला बाल विकास विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 2 लाख 33 हजार 238 आवेदन प्राप्त हुए हैं। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 निर्धारित की गई थी और अंतिम सूची बुधवार 21 फरवरी 2024 को जारी किया गया। अंतिम सूची पर आपत्ति 25 फरवरी 2024 तक की जा सकी। आपत्ति का निराकरण 26 से 29 फरवरी 2024 तक किया जाएगा। अंतिम सूची का प्रकाशन 01 मार्च 2024 को होगा। स्वीकृति पत्र 5 मार्च 2024 को जारी होगा। महतारी वंदन योजना के हितग्राही अपने आवेदन की स्थिति और उस पर की गई कार्यवाही के बारे में भी जान सकते हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आवेदन करने वाली महिलाएं पद लिंक की सहायता से अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर या आधार नंबर दर्ज कर अपने आवेदन पर की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।



## कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



कलेक्टर अजीत वसंत ने जन चौपाल में लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रकरण अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में लोगों ने अतिक्रमण हटाने, सीमांकन, राशन कार्ड, मुआवजा, वन अधिकार, आर्थिक सहायता, रोजगार हेतु ऋण दिलाने के संबंध में आवेदन दिया।

जनचौपाल में कुल 97 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर निर्देशित किया है कि आवेदनों का परीक्षण कर शासन के नियमानुसार कार्यवाही समय सीमा सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनचौपाल में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि आवेदक को दोबारा जनचौपाल में ना आना पड़े।



## इंटक यूनियन मजदूरों द्वारा 18 सूत्रीय माँग

अंबुजा अडानी सीमेंट संयंत्र बना रहता है हमेशा सुर्खियों में

जोहार छत्तीसगढ़ – बलौदाबाजार।






जिले के समीप स्थित अंबुजा सीमेंट संयंत्र जहां पर आज इंटक यूनियन मजदूर संघ के द्वारा अपनी 18 सूत्रीय मांगों को लेकर लामबंद हुए और सीमेंट संयंत्र से मांग रखे जिनमें। समस्त ठेका श्रमिकों का वार्षिक वेतन वृद्धि एवं कई वर्षों से ग्रेडेशन प्रमोशन नहीं किया है उसे ग्रेडेशन प्रमोशन दिया जाए। वेज बोर्ड समझौता का दूसरा क़िस्त का भुगतान जल्द करे, एवं पैकिंग प्लांट की श्रमिकों को वेज बोर्ड का लाभ दिया जाए।पैकिंग प्लांट में कालिंग ड्यूटी को सिप्ट ड्यूटी किया जाए। आल अलांऊस को टन वेज से अलग किया जाए। पैकिंग प्लांट की श्रमिकों को 3 साल के DA का तत्काल भुगतान जल्द किया जाए। सभी ठेका श्रमिकों का न्यूनतम मजदूरी दर के हिसाब से भुगतान किया जाए। जो कि 250-300 नगद भुगतान किया जाता है उसे नियमानुसार बैंक एकाउंट में भुगतान किया जाए एवं पेमेंट स्लिप, ओवर टाइम का डबल भुगतान, एवं सभी ठेका श्रमिकों को सभी सुविधाएं दिया जाए। यह कि पैकिंग प्लांट के महराजा ठेकेदार के श्रमिकों को 2022 का श्वरुका 120 ड्यूटी के हिसाब से श्वरुका भुगतान किया जाए। 4 वर्ष का DA की राशि भुगतान तत्काल किया जाए, और स्रु छुट्टी प्रदान किया जाए। मेडिकल छुटटी दिया जाय। माइस के स्रु एसोसिएट ठेकेदार मजदूरों का 2023 का ओटी का पैसा जल्द भुगतान किया जाय।

सभी ठेकेदार मजदूरों का ESIC,मैडिक्लेम सुविधा एवं PF.सभी श्रमिक का काटा जाय और 26 दिन के हिसाब से जमा किया जाय। केंटीन में नास्ता एवं खाना सेडुल के हिसाब से दिया जाय। पैकिंग प्लांट में महाराजा एसोसिएट के श्रमिकों को प्रतिमाह 8 घंटा के हिसाब से 26 डिउटी देवे 75 टन के हिसाब से भुगतान करे एवं जनवरी 2024 से वेज बोर्ड का बड़ा पेमेंट को जोड़कर दिया जाय ,वर्तमान में बढ़ा हुवा पेमेंट को दूसरा क़िस्त बना कर दिया जाता है

एवं निम्न मांगो को तत्काल पुर्ण किया जाए।शर्मा एसोसिएट में कार्यरत डम्फार लोडर आपरेटरो को 26 ड्यूटि देवे । मल्दी माइंस में पिने की पानी की व्यवस्था किया जावे, टाइलेट बाथरूम की व्यवस्था किया जावे एवं रेस्ट हॉल की व्यवस्था किया जावे। एस.एम.आर. के समस्त श्रमिको को जनवरी 2023 से अक्टूवर 2023 तक की ओवर टाईम का डबल भुगतान जल्द से जल्द भागतान किया जावे। रवान एवं मल्दी माइंस में मोटर, सायकल स्टैंड की व्यवस्था किया जावे। मां शारदा एसेसिएट के श्रमिको को 5 साल होने के बाद पदोन्नति का लाभ दिया जाये। सप्ताहिक अवकाश, आकस्मिक अवकाश एवं हालिड़े अवकाश दिया जाए तथा कार्यरत समस्त ठेका श्रमिकों को वैधानिक रूप से ओवर टाइम का उबल भुगतान किया जाए। इस तरह से आज मजदूर यूनियन संघ के द्वारा आवेदन दिया गया अब देखने वाली बात यह होगी कि इस आवेदन को सज्ञान में लेकर सीमेंट संयंत्र कब तक उनकी सुनवाई करते हैं खबर अभी बाकी है वह अगले अंक में सीमेंट संयंत्र का बयान लेकर के खबर पुनः प्रकाशित करेगी।

# साइबर सेल और महिला रक्षा टीम ने छात्र-छात्राओं को किया साइबर और महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक

जिंदल आदर्श ग्राम्य भारती स्कूल किरोड़ीमल नगर में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को दी गई अपराधों की जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर आज 26 फरवरी को किरोड़ीमल नगर क्षेत्र अंतर्गत जिंदल आदर्श ग्राम्य भारती इंग्लिश मीडियम स्कूल किरोड़ीमल में साइबर सेल और महिला रक्षा टीम के स्टाफ जाकर छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा व साइबर जागरूकता विषयों पर जागरूक किया गया। महिला रक्षा टीम प्रभारी सहायक उप निरीक्षक मंजू मिश्रा द्वारा छात्राओं को घरेलू हिंसा, बाल अपराध, यौन उत्पीडन, सेफ अनसेफ टच की विस्तार से जानकारी दी गई तथा उनके स्टाफ के साथ सेल्फ डिफेंस का डेमो कर जानकारी दिया गया। इस दौरान उन्हें अभिव्यक्ति ऐप के उपयोग के संबंध में जानकारी देकर घर के मोबाइल पर इंस्टाल करने कहा गया। साइबर सेल के प्रधान आरक्षक दुर्गेश सिंह ने छात्र-छात्राओं को बताया कि इंटरनेट, सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग से साइबर क्राईम के मामले भी बढ़ रहे हैं। ऐसे में जागरूकता और सावधानी ही साइबर क्राईम से बचाव का हथियार है। उन्होंने साइबर क्राईम की विस्तार पूर्वक जानकारी देकर छात्रों को क्या करें क्या ना इस संबंध में बताया गया। साइबर एक्सपर्ट दुर्गेश सिंह ने बताया कि इस समय फि शिंग लिंक के माध्यम से ठगी करना ट्रेंड में है। किसी भी अंजान स्त्रोत से प्राप्त लिंक पर क्लिक ना करें, समय-समय पर अपने एटीएम, क्रेडिट कार्ड के पासवर्ड को बदलते रहे। अपने बैंक संबंधी जानकारी साझा ना करे।

ऑनलाइन वाइन डिलीवरी के लिए गूगल पर कस्टमर नम्बर ना सर्च करें। सोशल मीडिया फेसबुक, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम सभी प्रोफाइल को सेटिंग के माध्यम से प्रोफ इल लॉक लगा कर रखे, साइबर ठगी का पता लगने पर तुरंत उस आईडी को ब्लॉक करवाये, अपने सिस्टम को हमेशा अप टू डेट रखे तथा साइबर क्राईम पर नजदीकी थाने या हेल्प लाइन 1930 पर मदद लेवे। कार्यक्रम में बताएं जानकारी परिवारवालों को भी बताये। जागरूकता कार्यक्रम में महिला रक्षा टीम प्रभारी सहायक उप निरीक्षक मंजू मिश्रा, साइबर सेल के प्रधान आरक्षक दुर्गेश सिंह, महिला प्रधान आरक्षक रेणु सिंह, महिला आरक्षक रेविका कुजूर, रोजमेरी, प्रिती यादव और इंदु लता की सहभागिता रही।

## एक नजर

### ककापहाड़ के महंत पर हमला कर फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



प्रार्थी महंत श्यामसुन्दर दास थाना रतनपुर उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराये कि रतनपुर निवासी सुरेश कुमार गुप्ता उर्फ दारा इनके आश्रम काली कमली में रात्रि करीबन 7 बजे आकर पुरानी बातों और मोबाईल चोरी की बात को लेकर वाद विवाद कर रहा था जिसे मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुये वहीं पास में रखे कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया, रिपोर्ट पर थाना रतनपुर में अपराध कायम कर आरोपी की पतातलाश की जा रही थी। आरोपी घटना कारीत कर फरार हो गया था, कि मुखबीर द्वारा आरोपी के कोटा में होने की सुचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी को कोटा से पकड़ा गया। उक्त आरोपी सुरेश कुमार उर्फ दारा गुप्ता से पुछताछ किया जो आरोपी द्वारा घटना कारीत करने आरोपी के कब्जे से एक धारदार हथियार कुल्हाड़ी को जप्त कर आरोपी को धारा 294,506,323,307 भादवि के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गयी उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रतनपुर देवेश सिंह राठौर, मेलाराम कठौतिया, सत्यप्रकाश यादव आर.दीपक मरावी, बसंत मानिकपुरी की विशेष भूमिका रही।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न विकास कार्यों का किया वर्चुअल शिलान्यास

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। जिसके तहत सक्ती जिले के रेलवे स्टेशन सक्ती परिसर पर जिला स्तर पर विकास कार्यों का विभिन्न जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति में शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से समपार फाटक संख्या 320 टेमर, एवं समपार फाटक संख्या 321 सोठी, रोड ओवर ब्रिज का शिलान्यास किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नूपुर राशि पन्ना, मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू, कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्ण कांत चंद्रा नगर पालिका अध्यक्ष,सुषमा दादू जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य,विद्या सिदार, जनपद पंचायत अध्यक्ष राजेश राठौर,गोपी सिंह ठाकुर, राम नरेश यादव, कमलेश जांगडे, रामअवतार अग्रवाल, नगर पालिका सीएमओ सक्ती संजय सिंह,रेलवे के वरिष्ठ कोचिंग डिपो अधिकारी,प्रणय मित्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी और आमनागरिक उपस्थित थे।

# जिला जेल बेमेतरा में मानसिक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

छ.ग.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर,अध्यक्ष जिला एवं सत्र न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन पर 26 फरवरी 2024 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा एवं जिला चिकित्सालय बेमेतरा के सहयोग से जिला जेल बेमेतरा में बंदियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जिला अस्पताल बेमेतरा से डॉ पवन वर्मा के द्वारा बंदियों की मानसिक स्वास्थ्य जांच कर उन्हें परामर्श प्रदान किया गया। क्लिनिकल साइकोलॉजी नरेंद्र वर्मा एवं पीएसडब्लयू प्रीती जंघेल द्वारा बंदियो का कांसिलिंग कर उन्हे परामर्श प्रदान किया गया। गीतांजलि डेनियम के द्वारा बंदियों को दवाइयां दी गई। बंदियों को अपने मानसिक स्वास्थ्य हेतु ध्यान, योग, व्यायाम एवं गीत,भजन, खेल. कूद का अभ्यास करने परामर्श दिया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पैरालिग वालिंटियर्स चेतन सिंह, जिला जेल के फार्मासिस्ट दीक्षा अंगारे, जिला जेल स्टाफ भी उपस्थित रहे।

# रायगढ़ जिले के दो जवानों को निशानेबाजी में कांस्य पदक



जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायपुर पुलिस द्वारा एकलव्य शूटिंग एकेडमी रक्षित निरीक्षक केंद्र में आयोजित 3 दिवसीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के आरक्षक से लेकर डीएसपी रैंक के लगभग 130 पुलिसकर्मियों ने भाग लिया, जिसमें राजपत्रित अधिकारियों और महिला वर्ग के लिए 10 मीटर एयर राइफ ल, 10 मीटर एयर पिस्टल में अलग-अलग इवेंट था। प्रतियोगिता का शुभारंभ छत्तीसगढ़ शासन के गृहमंत्री विजय शर्मा द्वारा किया गया। उद्घाटन पर गृहमंत्री द्वारा सभी हथियारों से फ ायरिंग कर अपनी रुचि जाहिर कर प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाई थी। इस प्रतियोगिता में रायगढ़ पुलिस के अजाक थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक बसंत पाण्डेय ने 10 मीटर पिस्टल इवेंट और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ आरक्षक जसवंत टोप्पो ने 10 मीटर रायफ ल इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया गया है। इसके पूर्व प्रधान आरक्षक बसंत पांडे ने दिल्ली में आयोजित खेलो इंडिया मास्टर गेम दिल्ली में भाग लेकर सिल्वर मैडल प्राप्त किये थे।

# राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए सीएम साय ने दिया 15 मार्च का समय

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी 77 लाख राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य दिनांक 15 मार्च 2024 तक बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आम नागरिक की सुविधा का ध्यान रखते हुए राशन कार्ड नवीनीकरण की तारीख बढ़ाने के निर्देश दिए थे। ताकि सभी पात्र हितग्राही अपना आवेदन प्राथमिकता से कर सकें। इसी कड़ी में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री दयाल दास बघेल ने ऑनलाईन नवीनीकरण के आवेदन के लिए तारीख आगामी 15 मार्च 2024 तक बढ़ाने के संबंध में दिशा निर्देश दिए हैं। खाद्य विभाग के संचालक जितेन्द्र शुक्ला ने सभी जिलों के कलेक्टरों को इस संबंध में दिशा.निर्देश दिए हैं। राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप्प तैयार किया गया है इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। राशनकार्डधारी अपने मोबाईल में इस एप्प के जरिए नवीनीकरण के लिए इलेक्ट्रानिक आवेदन ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसे हितग्राही जिनके पास एन्ड्राईड मोबाईल नहीं है अथवा जहां पर मोबाईल कनेक्टिविटी नहीं है वहां उचित मूल्य दुकान स्तर पर ऑनलाईन प्रक्रिया के जरिए राशनकार्डों के नवीनीकरण हेतु इलेक्ट्रानिक आवेदन प्रस्तुत करने की सुविधा भी दी जा रही है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखने वाले छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों से नवीन एवं नवीनीकरण के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया हैं। छत्तीसगढ़ राज्य में अध्ययनरत विद्यार्थी 14 मार्च 2024 तक तथा छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर अध्ययनरत विद्यार्थी 26 मार्च 2024 तक पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए नवीन एवं नवीनीकरण हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

# राष्ट्रीय स्तर समाज सेवा 2024 से सम्मानित हुआ युवा पत्रकार प्रीतलाल कुर्रे

महिला डेवलप फाऊण्डेशन पामगढ़ के सौजन्य

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर छत्तीसगढ़।




छत्तीसगढ़ के महान संत विश्व वंदनी गुरु घासीदास के कर्मभूमि तेलासीपुरी धाम में जन्मे एक गरीब परिवार के बेटा आज कोई परिचय के मोहताज नहीं है जो बाबा साहेब अम्बेडकर के प्रेणा को अपने जीवन मे धारण कर सामाजिक क्षेत्र पर अपना योगदान दे समाज सेवक के रूप मे अपना एक अलग पहचान बना लिए है और साथ ही साथ राजनीती क्षेत्र में भी अपना अहम भूमिका निभा रहे हैं। वह लोक गान के क्षेत्र में भी कला के माध्यम से जनमानस में पहचाने जाते हैं, वह एक अच्छे पत्रकारिता के लिए बहुत संस्थाओं से सम्मानित है जो मुख्य रूप से सृजन भूमि छत्तीसगढ़ न्यूज का प्रमुख संपादक है वह पामगढ़ की धरती में महिला डेवलप फ ाऊण्डेशन पामगढ़ के दुवारा एक और मुकाम हासिल किया प्रीतलाल कुर्रे को एक ऐतिहासिक पहचान राष्ट्रीय स्तर समाज सेवा 2024 से सम्मानित किया गया।

महिला डेवलप फ ाऊण्डेशन पामगढ़ के आयोजक उमेशकांत ने यह बाताया की हर वर्ष तमाम सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रहे समाज सेविका को उनके अच्छे कार्य के लिए हमारे संस्था के माध्यम से सम्मानित किया जाता है, यह सम्मान हमारे संस्था के माध्यम से प्रीतलाल कुर्रे को उनके अच्छे संपादन अच्छे कार्य पत्रकारिता और समाज सेवक के रूप में उनको दिया जाता हैं! आयोजक ने यह भी बाताया की महिलाओं को उनके रोजगार के लिए विभिन्न प्रकार की प्रशिक्षण प्रदान किये जाते हैं जिससे महिलाये अपने आत्मविश्वास से रोजगार की ओर जा अपने परिवार की लालन पालन कर सके, जिससे महिला सशक्तिकरण से जागरूक हो ओर समाज की सेवा कर सके, आज की कार्यक्रम की अध्यक्षता, अंजना तिवारी नगर पंचयात शिवरिनारायण, पामगढ़, विधायक शेषराज हरवंश साथ ही साथ महिला डेवलप फाऊण्डेशन संस्था पामगढ़ के माध्यम से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# न्यौता भोजन पाकर प्राथमिक शाला तिलकडीह संकुल पोड़ी विकासखंड स्कूल के बच्चे हुए हर्षित

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।









शासन की मंशा के अनुरूप स्कूल के बच्चों को संतुलित व पोषण आहार मिले अत: न्यौता भोजन कार्यक्रम संचालित करने को कहा गया है, जिसमें गांव के सम्पन्न वर्ग, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, कर्मचारी, इच्छूक व्यक्तियों के द्वारा, विशेष अवसर पर, जैसे तीज त्यौहार,जन्मदिवस,अन्य कार्यक्रम के अवसरों पर स्कूली बच्चों को घर में आमंत्रित कर या स्कूल में विशेष भोजन परोस कर उन्हें पोषण आहार प्रदान करने की पहल की जा रही है इसी कड़ी में 26 फरवरी 24 शासकीय प्राथमिक शाला तिलकडीह संकुल पोड़ी विकासखंड कोटा जिला बिलासपुर के 43 बच्चों को सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला की उत्कृष्ट शिक्षिका सुनीता यादव ने अपनी बेटी भगवती सिंह के जन्मदिन दिवस के उपलक्ष्य में न्यौता भोजन का आयोजन किया। जिसमें दाल चावल सब्जी,खीर पुड़ी,फ ल आदि वितरण किया, अपने भोजन की थाली में भोजन के साथ खीर पूड़ी केला,अंगूर पाकर बच्चों का चेहरा खिल गया।

अन्य जिले की शिक्षिका के द्वारा अन्यत्र जिले में न्यौता भोजन का आयोजन को संकुल प्रभारी सुखदेव पांडेय पोड़ी ने इस अभिनव पहल की सराहना की है। इस अवसर पर संकुल प्रभारी पांडेय शिक्षक तिलकडीह, सारंगढ़ जिला से पधारी सुनीता यादव,सुपुत्री भगवती सिंह, मित्रमंडली, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों सहित माताएं उपस्थित रही। इस कार्यक्रम की ग्राम तिलकडीह में भूरी भूरी प्रशंसा की जा रही है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) धरमजयगढ़ जिला.रायगढ़ ( छ.ग. )**

रा.प्र.क्र. 2024020422000 अ-2/2023-2024 ग्राम-बायसी कॉलोनी प.ह.नं. 33

**ईश्तहार**

सर्व साधारण बायसी कॉलोनी के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अब्दुल नवाब मेमन पिता हाजी अब्दुल रज्जाक मेमन जाति मुसलमान निवासी वार्ड नं 5 सिविल लाईन धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ छ.ग. द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक के नाम पर ग्राम बायसी कॉलोनी में भूमि खसरा नं 310/5 रकबा 0.405 है. भूमि धारित है जो कि व्यवसायिक प्रयोजन हेतु दिनांक 29.11.2023 को व्यपवर्तन किया गया है। वर्तमान में भूमि का व्यवसायिक हेतु उपयोग नहीं करने के कारण ग्राम बायसी कॉलोनी में भूमि खसरा नं 310/3 रकबा 0.405 हेण् भूमि को पुन: कृषि भूमि किये जाने का निवेदन किया गया है। जिसक सुनवाई दिनांक 27.02.2024 को नियत है।

उक्त संबंध में जिस किसी हितबद्ध पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति/ दावा वगैरह प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 21.02.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सीलए मुहर अंकित कर जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) धरमजयगढ़**

# जल्द बदल सकता है स्वामी आत्मानंद स्कूल का नाम

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**छत्तीसगढ़ के स्वामी आत्मानंद स्कूल अब कलेक्टर नहीं स्कूल शिक्षा विभाग चलाएगा। इसे संचालित कर रही कलेक्टर की अध्यक्षता वाली समितियां भंग की जाएंगी।**




छत्तीसगढ़ सरकार स्कूली शिक्षा में एक और बदलाव करने जा रही है। भूपेश सरकार में बहुप्रतिक्षित स्वामी आत्मानंद स्कूलों में शिक्षा की वर्तमान स्थिति, अनियमितता और कुप्रबंधन को लेकर इसकी संचालन समितियों को तत्काल प्रभाव से खत्म करने का निर्णय लिया गया है। स्वामी आत्मानंद स्कूलों में शिक्षा-दीक्षा की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अब शिक्षा विभाग के हवाले होगी। स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन ने कहा कि स्वामी आत्मानंद हम सबके लिए पूज्यनीय हैं मगर इन स्कूलों में अव्यवस्थाएं हैं। सभी को अब बेहतर ढंग से संचालित किया जायेगा। स्कूलों में पुराने महापुरुषों के नाम जोड़े जाएंगे। जहां-जहां शिकायत हैं उनकी जांच की जायेगी।

वही स्कूल शिक्षा मंत्री ने आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की महान विभूति, शिक्षाविद्,समाज सुधारक और जन जागरण के पुरोधा स्वामी आत्मानंद के नाम पर पिछली सरकार ने प्रदेश में अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट स्कूल खोलकर न सिर्फ शिक्षा और विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है, बल्कि स्वामी आत्मानंद जी के नाम को भी धूमिल किया है। इन स्कूलों के संचालन की जिम्मेदारी कलेक्टर की अध्यक्षता में बनी समिति के जिम्मे सौंपकर भूपेश सरकार ने इसका भविष्य कलेक्टरों की इच्छा पर सौंप दिया था। वही स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा की कई स्कूल जों पहले कई महापुरुषों के नाम पर थे। जिन्हें हटाकर उन सभी स्कूलों का नाम स्वामी आत्मानंद स्कूल रख दिया गया अब ऐसे स्कूलों का नाम परिवर्तन किया जायेगा उन स्कूलों में पुराने महापुरुषों के नाम स्वामी आत्मानंद के नाम के पहले जोड़ दिया जायेगा।

## एक नजर

### पंकज उधास का निधन कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति- वित्त मंत्री ओपी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



पद्मश्री से सम्मानित सुप्रसिद्ध गजल गायक पंकज उधास के निधन के समाचार को अत्यंत दु:खद बताते हुए रायगढ़ विधायक एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पंकज उधास के निधन को कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति निरूपित किया। मंत्री चौधरी ने कहा भारतीय संगीत को विश्वपटल पर विशिष्ट पहचान दिलाने वाले बड़े सितारे को हमने खो दिया है। सन 2006 के दौरान उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। पंकज उधास की मधुर आवाज पीढ़ियों से मंत्रमुग्ध करती रही। उनके भाव पूर्ण गजल भजन और गीतों ने देश वासियों के दिलो को छुआ है। संगीत जगत के लिए उनका निधन बड़ी रिक्तता है जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती। पंकज उधास के गजल गीत की गूंज कानो में सदा सुनाई देती रहेगी। ओपी चौधरी ने दिवंगत पुण्यात्मा को अपने चरणों में स्थान देंने सहित परिवारजनों, प्रशंसकों और शुभचिंतकों को इस विकट परिस्थिति में धैर्य व संबल प्रदान करने की कामना की है।

### वीर सावरकर के विचार भारतीयों को प्रेरित करते रहेंगे- वित्त मंत्री ओपी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



वीर सावरकर की पुण्य तिथि पर स्मरण करते हुए रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने वीर सावरकर के विचार को प्रासंगिक बताते हुए कहा उनके विचार देश वासियों को प्रेरित करते रहेंगे।मातृभूमि के मस्तक पर स्वतंत्रता का तिलक लगाने समर्पित रहे महान क्रांतिकारी विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर नमन करते हुए मंत्री चौधरी ने कहा अंग्रेजों की अनैतिकताओं से लड़ते हुए वीर सावरकर के त्याग को भारतवर्ष की भूमि कभी नहीं भुला सकती। उनका त्याग और बलिदान युगों.युगों तक इस माटी के इतिहास पर अंकित रहेगा।

# नशे में टल्ली होकर मास्टर पहुंचते हैं स्कूल, कैसे होगा बच्चों का भविष्य साकार

## विभाग क्यों नहीं दे रहा ध्यान

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

**जिला बनने के बाद भी शिक्षा विभाग में कोई बदलाव दिखाई नहीं दे रहा है। हालांकि उच्च अधिकारियों का आवागमन बढ़ गया है लेकिन शिक्षा विभाग में किसी प्रकार से कोई प्रभावशीलता नहीं दिखाई दे रहे है। शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी अभी भी अंजान है, कि कौन से स्कूल में अध्यापक अभी भी कमजोर है**



इसका जायजा लेने वाले प्रभारी अधिकारी भी अभी तक अंजान है या जानकारी नहीं दे रहे हैं यह जांच का विषय बना है। शिक्षा विभाग का तंत्र कितना मजबूत है इसका अंदाजा आप देखकर बयां कर सकते हैं इसका ताजा उदाहरण है सुंदराभाठा स्कूल में पदस्थ शराबी शिक्षक का करतूत इस शिक्षक का यह हाल कितना संवेदनशील है इसका जानकारी किसी को है या होने के बावजूद अंजान है। समझ से परे है यह मामला मुख्यालय से महज चार किलोमीटर के मध्य स्थित है लेकिन सारंगढ़ विकासखंड के सुलोनी संकुल के सुंदराभाठा में स्थित आश्रम शाला भवन के भीतर पीएस स्कूल संचालित है जहां लाकेश टंडन नामक शिक्षक की व्यवस्था किया गया है। लेकिन शिक्षा बुद्धि का आचरण ही को बैठा है। फिर भी इनको संरक्षण दिया जा रहा है जब शिक्षा सिविल सेवा आचरण से कदाचार नियम है तो यह नियम सबके लिए समानता का अधिकार होना चाहिए। लेकिन ऐसे शिक्षक को उसके पद से पदमुक्त कर देना चाहिए और अच्छे पढ़े लिखे जानकार की नियुक्ति करना चाहिए जिससे स्कूली बच्चों का भविष्य अंधकारमय में संलिप्त होने से बचे।

### प्रतिदिन शराब के नशे में रहते हैं धूत फिर भी विभाग को नहीं मिल रहा जानकारी

वीडियो में शिक्षक जो है शराब पीने की बात को कबूल कर रहे हैं और उनकी बोलने की ढंग से आप स्पष्ट समझ सकते हैं कि शिक्षक कितना शराब का सेवन किया गया है। वैसे एक शिक्षक स्कूल में बच्चों को पढ़ाने जाता है तो नए उमंग और जज्बे के साथ जाता है जिससे बच्चे पढ़ पाए और समझ पाए लेकिन वहीं शिक्षक जब शिक्षा के मंदिर में शराब पीकर पहुंचते हैं तो अपने आप चलने को क्षमता नहीं होता खुद के पैर में चल नहीं पा रहे वो शराबी शिक्षक क्या बच्चों को शिक्षा देगा ये विचारणीय है। वही शराबी शिक्षक लाकेश टंडन अपने आप में चलने और बोलने को सक्षम नहीं हैं तो ऐसे में बच्चे क्या सीखेंगे।

> " वीडियो देखा गया तो शिक्षक शराब के नशे में दिखाई दे रहा है जांच करवाया जायेगा और कार्रवाही भी किया जाएगा।
>
> रेशम कोशले,
> ब्लॉक शिक्षा अधिकारी






# दुष्कर्म के आरोपी को कटघोरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

## आरोपी के द्वारा शादी का झांसा देकर पीड़िता को बनाया था शिकार

**कोरबा** । पीड़िता ने दिनाँक 21.02.2024 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराने लिखित आवेदन प्रस्तुत की जिसकी सूचना पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी (भा0पु0से0) को देकर उचित दिशा निर्देश प्राप्त कर अति पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा (रापुसे), अति पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा वर्मा (रापुसे) एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पंकज ठाकुर (रापुसे) कटघोरा के मार्गदर्शन में रिपोर्ट दर्ज किया गया की पीड़िता तथा आरोपी का प्रेम संबंध वर्ष 2015 से 2023 तक रहा। दिनांक 5 जनवरी 2015 को छेरछेरा त्यौहार की रात आरोपी पीड़िता के घर मिलने गया था जो रात्रि 11.00 बजे शादी का झूठा वादा कर शारीरिक संबंध बनाया। पीड़िता बिलासपुर पढ़ने चली गई थी जहां सन 2021 में आरोपी योगेंद्र सिंदराम वहां भी मिलने जाता था। दिनांक 6.10.2022 को मड़वारानी भी लेकर गया था शादी की बात करने पर योगेंद्र शादी से मना कर दिया। इस दौरान पीड़िता के साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। रिपोर्ट पर धारा सदर का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। आरोपी की पता साजी कर आरोपी के मिलने पर पूछताछ किया गया व जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बायसी में न्योता भोजन का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने न्योता भोजन के लिए दिशा निर्देश जारी किए थे कि अपने जन्मदिन पर स्कूली बच्चों के साथ समय बिताये। छत्तीसगढ़ के स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत न्योता भोजन योजना लागू करने का निर्णय लिया गया हैं।**




न्योता भोजन का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि तथा सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना हैं। इसी कड़ी में आज शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बायसी कॉलोनी में स्कूली बच्चो के साथ न्योता भोजन किया गया स्कूल में इस कार्यक्रम का आयोजन बायसी उपसरपंच रामचंद्र विश्वास एवं स्कूल के शिक्षकों ने किया जिसमे बच्चो को पौस्टिक खाना खिलाने के लिए पूड़ी,दाल,चावल,सब्जी, टमाटर चटनी, मिठाई व अन्य पकवान बनाए गए जिसे बच्चों के साथ मिलकर सभी शिक्षकों व अतिथियों ने खाया। न्योता भोजन की अवधारणा सामुदायिक भागीदारी पर आधारित हैं यह पूरी तरह से स्वैच्छिक हैं और समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन, स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं अथवा अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकेंगे। न्योता भोजन, स्कूल में दिए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं होगा, बल्कि यह विद्यार्थियों को दिए जा रहे भोजन का पूरक होगा।

# अमृत भारत योजना में रायगढ़ को शामिल किए जाने पर वित्त मंत्री ओपी ने आभार जताया



जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़।

विधायक रायगढ़ एकम सूबे के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने मोदी सरकार एवम रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के प्रति आभार जताते हुए कहा स्टेशनों के पुनर्विकास एवं अत्याधुनिक सुविधाएँ प्रदान करने हेतु अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रायगढ़ स्टेशन को शामिल किया जाना एतिहासिक कदम है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सोशल मंच में साझा कर बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत भारतीय रेल व्यवस्था को मजबूती के साथ अत्याधुनिक स्वरूप दिया जा रहा। आजादी के बाद पहली बार रेलवे में अत्याधुनिक बदलाव किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत स्टेशनों के पुनर्विकास एवं अत्याधुनिक सुविधाएँ प्रदान करने के लिए देश भर में 554 स्टेशनों को चयन किया गया है जिसमें रायगढ़ सहित छत्तीसगढ़ के 21 स्टेशनों को भी शामिल किया गया है। योजना के तहत के मास्टर प्लान बनाकर सुविधाओ का विस्तार किया जायेगा। इस योजना के तहत रायगढ सहित छत्तीसगढ़ के अन्य स्टेशनों को से जोड़ने के लिए वित्त मंत्री ओपी ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्वनी वैष्णवका हृदय से आभार व्यक्त किया है।

# आग की चपेट में आने से मां बेटे ने तोड़ा दम

## सालभर पहले भी इसी दिन 11 लोगों की गई थी जान

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

**जिले के भैंसापसरा के एक मकान में देर रात हुई आगजनी घटना में एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। जिसमें से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी।**

वहीं अब इस घटना में बड़ी जानकारी सामने आई है कि मृतक लड़के संतोष साहू की घायल मां कमला साहू की भी मौत हो गई है। महिला को गंभीर अवस्था में राजधानी रायपुर रेफर किया गया था। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। वहीं घटना में घायल एक महिला और बच्ची का इलाज जारी है।

### आगजनी की घटना में मां और बेटे की मौत

बलौदाबाजार के दसरमा रोड भैंसा पसरा के वृद्धाश्रम के सामने बीती रात आगजनी की घटना हुई,देर रात घटना होने से घर में सो रहे परिवार को आगजनी की जानकारी नहीं हो पाई। आग की लपट का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि छोटे कमरे में सो रहे परिवार के ऊपर जब खपरैल गिरा तब चीख पुकार मची-चीख पुकार सुनकर ही पड़ोसी राजकुमार बंजारे बाहर निकले और मौके पर पहुंच कर पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। साथ ही दरवाजा तोड़कर परिवार के सदस्यों को बाहर निकाला और पड़ोसियों ने आग बुझाई। इस दौरान तक पुलिस की पेट्रोलिंग टीम भी पहुंची और आगजनी में घायल परिवार के चार सदस्यों को अस्पताल पहुंचाई। जहां अस्पताल में जांच के दौरान परिवार के एक सदस्य शानू की मौत की पुष्टि डॉक्टरों ने की,वहीं रायपुर रेफर किये 3 घायलों में से कमला साहू की भी इलाज के दौरान मौत हो गई, घटना में रानू और संध्या का इलाज चल रहा है। बता दे कि घटना में बेटे की मौत के बाद परिवार की मुखिया कमला साहू ने भी दम तोड़ दिया है।



### घर में आगजनी के दौरान बाहर से बंद थी दरवाजे की कुंडी

पीड़ित साहू परिवार की सबसे पहले मदद करने पहुंचे पड़ोसी राजकुमार बंजारे ने बताया कि किसी ने दरवाजे में कुंडी लगा दिया था। इस कारण भी परिवार के लोग बाहर नहीं निकल पाए और आगजनी में परिवार को सदस्य खोना पड़ा। दरवाजा तोड़कर सभी को निकाला गया। प्रशासन के तरफ से पहुंचे तहसीलदार राजू पटेल ने कहा कि मुआवजा के लिए प्रकरण बना रहे हैं। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि मंत्री टंक राम वर्मा के तरफ से इलाज के लिए व्यवस्था कराई गई है, डीकेएस में अटेंडर का इंतजाम किया गया है।साथ ही मृतक के अंतिम संस्कार की व्यवस्था की गई है। पार्षद कमल टंडन ने कहा कि मुझे सुबह घटना की जानकारी मिली। दरवाजे में कुंडी लगे होने की बात कही जा रही है। यहां असामाजिक तत्व का जमावड़ा रहता है, यह आगजनी की घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है, इस घटना का कारण अब तक अज्ञात है,फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आपदा मंत्री टंकराम वर्मा ने जताया गहरा दु:ख

आगजनी की घटना पर राजस्व एवं आपदा मंत्री टंकराम वर्मा ने गहरा दुख जताया है,वहीं गंभीर रूप से झुलसे महिला और बच्ची के संपूर्ण इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश डाक्टर को दिये, साथ ही परिवार को हरसंभव सहायता देने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

### घटना की जांच के लिए एसएसपी ने गठित की विशेष टीम

आगजनी घटना की जांच के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने निधि नाग एसडीओपी बलौदाबाजार के नेतृत्व में विशेष जांच टीम का गठन किया है। जिसमें 2 निरीक्षक,समेत 9 पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in